26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 31 दिसम्बर, 2025

अंक- 68 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# 2026 में भारत-पाक 'युद्ध' की आशंका!

अमेरिकी थिंक टैंक की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी गतिविधि बढ़ने के कारण 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच सशस्त्र संघर्ष होने की संभावना है। काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस की रिपोर्ट में अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञों का सर्वेक्षण किया गया और कहा गया कि ट्रम्प प्रशासन ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच संघर्ष को खत्म करने की मांग की थी। रिपोर्ट में कहा गया है, दूसरे ट्रम्प प्रशासन ने कई चल रहे



संघर्षों को समाप्त करने की मांग की है जैसे कि कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, गाजा पट्टी और यूक्रेन के साथ-साथ भारत और पाकिस्तान और कंबोडिया और थाईलैंड के बीच। खास बात यह है कि इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हुआ था, जब नई दिल्ली ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में पनप रहे आतंकी संगठनों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। यह हमला भारत ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 नागरिकों, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे, की हत्या के जवाब में किया था।

# यूपी में संगठन से सरकार तक बदलाव की बयार

## मकर संक्राति के बाद होगा बड़ा ऐलान

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद अब संगठन से सरकार तक, बड़े बदलाव की बयार नजर आ रही है। संकेत यही हैं कि यूपी बीजेपी से लेकर सरकार तक, बड़े बदलाव होंगे और ये बदलाव मकर संक्रांति के बाद देखने को मिल सकते हैं। नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद यूपी बीजेपी की पहली कोर कमेटी की बैठक मंगलवार शाम पांच कालिदास मार्ग पर हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही दोनों उपमुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री की मीटिंग के बाद पार्टी संगठन और मंत्रिमंडल में फेरबदल के कयास तेज हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक बीजेपी प्रदेश संगठन में जल्द ही बदलाव होगा। नई कार्यकारिणी का गठन भी होगा और मंत्रिमंडल का विस्तार भी हो सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुछ लोगों को सरकार से संगठन



और कुछ को संगठन से सरकार में भेजा जा सकता है। योगी मंत्रिमंडल में 54 मंत्री बनाए गए थे 6 पद खाली थे लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव के बाद योगी सरकार के दो मंत्रियों को केंद्रीय कैबिनेट में जगह मिल गई थी। जितेंद्र प्रसाद और अनूप प्रधान को केंद्र में मंत्री बनाए जाने के बाद योगी मंत्रिमंडल में दो और पद खाली हो गए। माना जा रहा है कि पंकज चौधरी से पहले यूपी बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रहे भूपेंद्र चौधरी को योगी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। संगठन में रहे कुछ अन्य मजबूत चेहरों को भी योगी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। कुछ राज्यमंत्रियों का कद बढ़ाकर स्वतंत्र प्रभार का दर्जा दिया जा सकता है। बोर्ड और निगमों में भी कई चेहरों का समायोजन हो सकता है। माना जा रहा है कि पश्चिम की भागीदारी बढ़ सकती है, क्योंकि पूरब से ही मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष हैं। हाल ही में हुई ब्राह्मण विधायकों की बैठक का असर भी सरकार से संगठन तक नजर आ सकता है। हो सकता है कि कुछ ब्राह्मण चेहरों को भी सरकार से संगठन तक जगह दी जाए। 2027 के यूपी चुनाव को देखते हुए भी सरकार से संगठन तक बदलाव में सामाजिक समीकरणों और जातीय गणित साधने की रणनीति भी देखने को मिल सकती है।

# धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हुये रक्षा मंत्री-सीएम

**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** आज रामलला की प्रतिष्ठा द्वादशी धूमधाम से मनाई जा रही है। दो वर्ष पूर्व आज ही के दिन ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रामलला का अभिषेक किया गया। यज्ञ, हवन और पूजन की परंपरागत विधियां संपन्न हुई। रामलला की प्रतिष्ठा द्वादशी पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ ने राम जन्मभूमि मंदिर परिसर में जटायु टीला और कुबेर टीला का दौरा किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर अन्नपूर्णा मंदिर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।



# चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म

## पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा, देर रात युवती को लिफ्ट देकर की थी हैवानियत

**फरीदाबाद ( एजेंसी/चिंगारी )।** फरीदाबाद कोतवाली थाना इलाके में 28 वर्षीय युवती को कार में लिफ्ट देकर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मां से नाराज होकर घर से निकली महिला को कार सवार दो युवकों ने गंतव्य तक छोड़ने के बहाने कार में बैठाया। आरोप है कि दो घंटे से अधिक समय तक आरोपियों ने युवती को कार में फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर घुमाया। देर रात लगभग 3 बजे महिला को एसजीएम नगर स्थित मुल्ला होटल के पास चलती कार से फेंककर आरोपी कार भगा ले गए। युवती को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर सैल की मदद से तकनीकी जांच के आधार पर दोनों आरोपियों को देर रात हिरासत में लिया। शुरुआती पूछताछ के बाद इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। ईको गाड़ी बरामद कर ली गई है। टीआईपी प्रक्रिया के चलते अभी आरोपियों के नाम व फोटो उजागर नहीं किए जा सकते। आरोपियों को कुछ देर बाद अदालत में पेश किया जाएगा। पीड़िता के बयान लेने के भी टीम प्रयास कर रही है। पीड़िता फरीदाबाद की ही रहने वाली है। पीड़िता की बहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार रात लगभग साढ़े 8 बजे उनके पास बहन की कॉल आई थी। उसे बताया गया कि घर में मां से कहासुनी हो गई है और मैं अपनी सहेली के घर जा रही हूं। पीड़िता ने कहा था कि सहेली के घर से 2-3 घंटे में वापस आ जाऊंगी। देर रात लगभग 12 बजे महिला दो नंबर चौक से कल्याणपुरी तीन नंबर चौक तक जाने के लिए सवारी वाहन के इंतजार में थी। इस दौरान एक वैन आकर रुकी जिसमें दो युवक सवार थे।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर



## राशिफल

**विमल जैन**
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

### गुरुवार, 1 जनवरी 2026

मेष- आरोग्य सुख, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, शत्रु परास्त, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, उल्लास का वातावरण, राजनीतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, बुद्धि का विकास।

वृषभ- आर्थिक स्थिति में क्रमिक सुधार, मेल-मिलाप में अभिरुचि, आपसी तनाव में कमी, धनागम का सुयोग, मित्र सहायक, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम।

मिथुन- दिन अशुभ, इच्छित सफलता में व्यवधान, प्रियजनों से मनमुटाव, मेल-मिलाप में अरुचि, द्रव्य की क्षति, प्रतियोगिता में विफलता, सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी।

कर्क- कठिनाइयों का निराकरण, उपहार या सम्मान का लाभ, आत्मीयजनों से सम्पर्क, योजना फलीभूत, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति हेतु व्यय।

सिंह- सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, मनोरंजन की ओर रुझान, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, आर्थिक-व्यावसायिक प्रगति, विवाद का समापन, अत्यधिक प्रसन्नता।

कन्या- दिनमान अनुकूल, विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, आत्मिक शांति, स्वजनों से सहयोग, इच्छाशक्ति का विकास।

तुला- निजी इच्छा की पूर्ति में बाधा, किसी बात को लेकर परेशानी, कर्ज की अधिकता क्रोध से मानसिक अशांति, सहयोगियों से कष्ट, यात्रा असन्तोषजनक, धन हानि।

वृश्चिक- स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति प्रयत्नशील, यात्रा सफल।

धनु- योजना साकार होने की ओर, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, बौद्धिक क्षमता का विकास, सामाजिक क्रियाकलापों में अभिरुचि।

मकर- कठिनाइयों में कमी, पारिवारिक समस्याएँ हल होने को, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सफल।

कुम्भ- दिनचर्या अव्यवस्थित, आहार-विहार में अनियमितता, पारिवारिक तनाव, कर्ज की अदायगी की चिन्ता, धर्म के प्रति अरुचि, कार्यक्षमता में कमी, अशांति भी।

मीन- स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, सुसमाचार की प्राप्ति, आय के नवीन स्त्रोत उपस्थित, कर्ज की अदायगी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# नई संभावनाओं और चुनौतियों वाला रहेगा वर्ष 2026

नववर्ष 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव रहेगा। डॉलर अपेक्षाकृत मजबूत रहेगा। तकनीक, दूरसंचार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बदलाव स्पष्ट दिखाई देंगे।

नववर्ष 2026 का आगमन होने जा रहा है और हर किसी की यही कामना होती है कि नया साल उसके लिए बेहतर अवसर लाए। ज्योतिष की दृष्टि से देखें तो आने वाला वर्ष 2026 कर्म प्रधान एवं नई संभावनाओं और चुनौतियों से भरा रहेगा। आवास विकास बिजनौर निवासी प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद गोस्वामी के अनुसार यह वर्ष परिश्रम, अनुशासन और विवेकपूर्ण निर्णयों का सीधा फल देने वाला रहेगा, कुछ के लिए यह उन्नति का साल बनेगा, तो कुछ को आत्मसंयम की परीक्षा देनी होगी। 1 जनवरी 2026 को धनु लग्न, रोहिणी नक्षत्र और वृषभ राशि में चंद्रमा के साथ शुभारंभ होगा। मीन में शनि, मिथुन में गुरु और धनु लग्न में मंगल-बुध व सूर्य-शुक्र की दुर्लभ युति जैसे शुभ योग बन रहे हैं। यह वर्ष 13 महीने का होगा और इसमें चार ग्रहण पड़ेंगे। ज्येष्ठ मास अधिकमास (मलमास) रहेगा।

आइए, जानते हैं कि 12 राशियों पर ग्रहों की इस चाल का क्या प्रभाव पड़ेगा और किसे किन बातों का ध्यान रखना होगा।

**चार ग्रहण हैं इस वर्ष**- आचार्य जी ने बताया कि इस वर्ष में चार ग्रहण रहेंगे, जिनमें दो सूर्य और दो चंद्र ग्रहण प्रभावी होंगे। प्रत्येक व्रत और त्यौहार की तिथियों में भ्रांतियां रहेंगी, जिनमें रामनवमी, अक्षय तृतीया, दीपावली, होली आदि शामिल हैं।

## भारत पर ग्रहों का प्रभाव

वर्ष 2026 मिश्रित लेकिन निर्णायक रहेगा, राजनीतिक स्तर पर मतभेद और प्रशासनिक दबाव के योग हैं, वहीं रक्षा, सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में मजबूती आएगी। वर्ष के उत्तरार्ध में आर्थिक सुधार और निवेश के संकेत मिलते हैं। राजस्थान में विकास योजनाओं, मंत्रिमंडल विस्तार और प्रशासनिक परिवर्तनों के योग भी बनते दिखाई देते हैं।

## साढ़ेसाती, ढैया और ग्रहण प्रभाव

मेष, कुंभ और मीन राशियों पर शनि की साढ़ेसाती प्रभावी रहेगी, जबकि सिंह और धनु राशियों पर ढैया का प्रभाव रहेगा। वर्ष में दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण मानसिकता, जनभावनाओं और राष्ट्रीय घटनाओं को प्रभावित करेंगे। ग्रहों के परिवर्तन के कारण वर्ष 2026 नई संभावनाओं और चुनौतियों का वर्ष रहेगा। ज्योतिष दिशा दिखाता है, किंतु वास्तविक सफलता कर्म, अनुशासन और विवेकपूर्ण निर्णयों पर ही निर्भर करती है।

## वर्ष 2026 में क्या कहता है आपका भाग्य?

**साल का शुभारंभ चतुर्ग्रही योग में होने जा रहा है। 1 जनवरी 2026 को धनु राशि में सूर्य, बुध, मंगल और शुक्र का चतुर्ग्रही योग बनेगा। वहीं कुंभ राशि में राहु, मीन राशि में शनि, मेष राशि में चंद्रमा, मिथुन राशि में बृहस्पति और सिंह राशि में केतु रहेगा। साल 2026 में पूरे वर्ष शनि को छोड़कर सभी ग्रहों का राशि परिवर्तन होगा। शनि केवल नक्षत्र परिवर्तन करेंगे।**



## राशियों पर प्रभाव

**मेष राशि :** यह वर्ष संघर्ष और परिश्रम की कसौटी पर परखने वाला रहेगा। आरंभिक महीनों में दबाव रहेगा, लेकिन मध्य के बाद सुधार होगा। नौकरी में परिवर्तन और व्यवसाय में स्थिरता के योग हैं, स्वास्थ्य और वाणी पर संयम आवश्यक है।

**वृषभ राशि :** स्थिरता और आर्थिक उन्नति का वर्ष है। करियर में प्रगति, व्यापार में विस्तार और पारिवारिक सुख के योग हैं, स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। प्रेम संबंध विच्छेद होने की संभावना। मकान का सपना पूर्ण ह ो सकता है।

**मिथुन राशि :** परिवर्तन और निर्णयों का वर्ष। करियर में उतार-चढ़ाव रहेंगे, लेकिन बुद्धि और संवाद क्षमता से स्थितियां संभलेंगी। मानसिक संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा।

**कर्क राशि :** आत्मविश्वास और भावनात्मक मजबूती का वर्ष। करियर में नये अवसर मिलेंगे, पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा, स्वास्थ्य में पाचन और नींद पर ध्यान दें।

**सिंह राशि :** सम्मान और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि का वर्ष। आय और प्रतिष्ठा बढ़ेगी, राजनीति और प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए अनुकूल समय। जोड़ों के दर्द की समस्या रहने के योग हैं।

**कन्या राशि :** अनुशासन और धैर्य की मांग करेगा। करियर में स्थिरता आएगी, लेकिन सफलता धीरे मिलेगी, दिनचर्या और स्वास्थ्य पर ध्यान आवश्यक।

**तुला राशि :** साझेदारी और संबंधों से लाभ का वर्ष। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। निर्णयों में संतुलन बनाए रखना जरूरी, जल्दबाजी हानिकारक रहेगी। प्रेम संबंध के योग बन सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** परिवर्तन और नई दिशा का संकेत। करियर में बदलाव लाभकारी रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव संभव। सुगर, बी.पी. वाले विशेष ध्यान रखें।

**धनु राशि :** भाग्य और विस्तार का वर्ष, करियर, शिक्षा और विदेश से जुड़े मामलों में सफलता मिलेगी। आलस्य से बचें।

**मकर राशि :** परिश्रम का पूर्ण फल मिलेगा। करियर और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, स्वास्थ्य में जोड़ों पर ध्यान दें। आप्रेशन की संभावना बनती है।

**कुंभ राशि :** नवसंचार और सामाजिक पहचान का वर्ष। तकनीकी और रचनात्मक क्षेत्रों में सफलता मिलेगी। बच्चों की तरफ से मानसिक परेशानि की संभावना। कर्ज की बढ़ोत्तरी।

**मीन राशि :** आध्यात्मिक और रचनात्मक उन्नति का वर्ष। कला, लेखन और साधना से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से अनुकूल। शरीर व सिर में दर्द की परेशानी हो सकती है।

नये वर्ष में अपनी जन्मपत्री का विश्लेषण गोस्वामी ज्योतिष केंद्र में अवश्य करायें।

## देश-विदेश पर वर्ष 2026 का प्रभाव

वर्ष 2026 में वैश्विक राजनीति में अस्थिरता बनी रह सकती है। मध्य-पूर्व में तनाव, सीमित संघर्ष और आतंकी गतिविधियों की आशंका रहेगी। अमेरिका और रूस के बीच रणनीतिक सामंजस्य बढ़ेगा, जबकि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में प्राकृतिक आपदाएं और असंतोष चिंता का विषय बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव रहेगा।



-आचार्य विनोद गोस्वामी
ज्योतिषज्ञ, वास्तुविद
7017142498

# लखनऊ को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन हब बनाने की तैयारी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)**। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शहीद पथ के समीप एक भव्य और आधुनिक संस्कृति भवन का निर्माण किया जाएगा। इस भवन में संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी निदेशालयों के कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में हिस्सा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिये कि संस्कृति भवन के लिए भूमि की व्यवस्था की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के नवीन परिसर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही राजधानी में पर्यटन एवं संस्कृति पार्क भी विकसित किया जाएगा, जिसमें पर्यटन और सांस्कृतिक धरोहर से जुड़ी वस्तुओं का प्रदर्शन होगा। इसकी शुरुआत प्रदेश के 17 नगर निगमों के अंतर्गत आने वाले पार्कों से की जाएगी। जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ आने वाले पर्यटकों के लिए 1090 चौराहे से रेजीडेंसी तक डबलडेकर बस सेवा शुरू की जाएगी। इस 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा का शुभारम्भ छह जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे किया जाएगा। इसमें सामान्य पर्यटकों को किफायती दरों पर टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य लखनऊ को एक नये पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है।

निर्मल आश्रम अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार ( पेज 15 )



# बांग्लादेश में 12 दिन में तीसरे हिंदू की हत्या

## कपड़ा फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी कर रहा था, साथी स्टाफ ने गोली मारी

**ढाका ( एजेंसी/चिंगारी )** । बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक कपड़ा फैक्ट्री के अंदर हिंदू कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीते 12 दिनों में बांग्लादेश में हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना है। घटना सोमवार शाम करीब 6:45 बजे भालुका उपजिला की सुलताना स्वेटर्स लिमिटेड फैक्ट्री में हुई। मृतक की पहचान बजेंद्र बिस्वास (42) के रूप में हुई है, जो फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड था। आरोपी नोमान मिया (29) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों फैक्ट्री में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। बातचीत के दौरान नोमान मिया ने बजेंद्र पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर में बंदूक चल गई और गोली बजेंद्र की बायीं जांघ में लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। बांग्लादेश में 2 हफ्तों में 3 हिंदू मारे गए। 24 दिसंबर बुधवार रात 11:00 बजे एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय



अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई। पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है। इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था।

## दहेज हत्या के मामले में ससुर गिरफ्तार

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )**। क्षेत्र के गांव मोथेपुर किरत में 15 दिन पूर्व एक महिला की हुई दहेज हत्या में आरोपी मृतका के ससुर मेशपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। धामपुर क्षेत्र के गांव भट्टपुरा निवासी एक युवती की शादी कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव मोथेपुर कीरत में विशाल के साथ हई थी, तभी से ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए उसका उत्पीड़न व मारपीट करते थे। गत 15 दिसंबर 2025 को उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष के पति ,सास, ससुर, जेठ ,जेठानी, देवर ,सहित आठ लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पति विशाल व सास कुंतेश को पहले ही जेल भेज दिया था। आज पुलिस ने मृतका के ससुर मेशपाल को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री ने किया फन जोन का उदघाटन

**नहटौर ( चिंगारी )**। ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फन जोन का उदघाटन उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने फ़ीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश के कर्णधार है और यही देश का भविष्य है। उन्होंने स्कूल प्रबंध व प्रशासनिक बोर्ड की जमकर सराहना की।



कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद कांता कर्दम, पूर्व पालिकाध्यक्ष लीना सिंघल, झालू चैयरमैन लोकेंद्र चौधरी आदि ने भी संबोधित किया। प्रबंध निदेशक इंजीनियर आशीष सिंघल एवं लीना सिंघल प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने अतिथियों को पुष्पगुछ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प
मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)



डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन

उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।



**भली लगे या बुरी...**

## भारत की बढ़ती ताकत

महात्मा गांधी और गौतम बुद्ध का देश भारत पहलगाम में जघन्य व धर्म पूछकर हत्या करने वाली आतंकी घटना के बाद 'आपरेशन सिंदूर' के माध्यम से बता चुका है कि वह भगवान कृष्ण का देश भी है और दुष्टों का अंत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत आज दुनिया की दसवीं अर्थव्यवस्था से प्रगति कर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसके साथ ही वह सैनिक रूप से आत्मनिर्भर बनते हुए तेजी से हथियारों के आयातक के बजाय अब हथियारों के निर्यातक के रूप में भी विकसित हो रहा है। भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति पर चलते हुए सक्रिय रूप से दुनिया के गरीब व विकासशील देशों के हितों की पैरवी की है तथा वह 'ग्लोबल साउथ' का प्रवक्ता बन गया है। लेकिन भारत अपने पड़ोसी पाकिस्तान व बांग्लादेश में अस्थिरता तथा वहां पैदा हो रही धार्मिक कट्टरता, आतंकवाद व सांप्रदायिकता एवं गैर-मुस्लिम समुदायों के उत्पीड़न से प्रभावित है। ये स्थितियां भारत की आंतरिक राजनीति को भी प्रभावित कर सकती हैं और यहां बहुसंख्यकवाद का आक्रामक रूप से विकास हो सकता है। इस्लामवादी कट्टरता जहां सारी दुनिया को प्रभावित कर रही है, वहीं इसके कारण अमेरिका तथा अन्य पश्चिमी देशों में 'इस्लामोफोबिया' भी विकसित हो रहा है, जिसका सबसे बुरा असर गरीब व विकासशील देशों के आप्रवासियों पर पड़ता है। अमेरिका तथा यूरोप में दक्षिणपंथी, रंगभेदी व नव-नस्लवादी शक्तियों का विस्तार पूरी दुनिया की मानवता को प्रभावित कर सकता है। इन शक्तियों की मजबूती के चलते उदारवादी, वामपंथी व समतावादी शक्तियों पर न केवल भारी दबाव है, बल्कि विकसित पूंजीवादी देशों में भी जनकल्याण की अवधारणायें कमजोर हो रही हैं। विडंबना है कि विज्ञान और तकनीक के विकास के बावजूद आज कुछ पूंजीपति कामगारों से 12 घंटे से लेकर 20 घंटे तक काम की पैरवी कर रहे हैं। समस्या यह भी है कि पिछले वर्षों में स्वयं लोकतंत्र से ऐसी तानाशाही शक्तियों का विकास हो रहा है जो अपने देशों में विविधता, बहुलता, विचार-भिन्नता व संवाद को भारी नुकसान पहुंचा रही हैं।

# अहंकार की राजनीति और लचर नेतृत्व ने इंडिया गठबंधन को 2025 में बिखेरकर रख दिया

**नज़रिया**

**▶▶नीरज कुमार दुबे**

महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के दौरान कांग्रेस ने एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। यह फैसला उस समय और भी चौकाने वाला था, जब भाजपा के खिलाफ संयुक्त लड़ाई की बात बार-बार दोहराई जा रही थी।

साल 2025 भारतीय राजनीति में विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए आंतरिक टकराव, रणनीतिक भ्रम और नेतृत्व संकट का वर्ष बनकर उभरा। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद जिस गठबंधन से यह अपेक्षा की जा रही थी कि वह एक सशक्त, वैकल्पिक राजनीतिक धारा के रूप में उभरेगा, वहीं 2025 में अपनी ही कमजोरियों से जूझता नजर आया। यह वर्ष विपक्ष के लिए न तो संगठनात्मक मजबूती लेकर आया, न ही वैचारिक स्पष्टता। सबसे बड़ा और प्रतीकात्मक तथ्य यह रहा कि पूरे 2025 में इंडिया गठबंधन की एक भी औपचारिक बैठक नहीं हुई। किसी भी राजनीतिक गठबंधन के लिए बैठकें केवल औपचारिकता नहीं होतीं, बल्कि संवाद, समन्वय और साझा रणनीति का आधार होती हैं। बैठकों का न होना यह संकेत देता है कि गठबंधन नाम मात्र का रह गया है, जबकि ज़मीनी स्तर पर दल अपनी-अपनी राह चलने लगे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनावों में यह बिखराव खुलकर सामने आया, जब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन तोड़कर अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया। 2024 में लोकसभा चुनावों में सीमित तालमेल के बाद यह उम्मीद थी कि दिल्ली में विपक्ष एकजुट रहेगा, लेकिन आपसी अविश्वास और राजनीतिक अहंकार ने इस संभावना को खत्म कर दिया। नतीजा यह हुआ कि विपक्षी वोटों का विभाजन हुआ और इसका लाभ सीधे तौर पर भाजपा को मिला।



इसी तरह महाराष्ट्र में निकाय चुनावों के दौरान कांग्रेस ने एनसीपी (शरद पवार गुट) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। यह फैसला उस समय और भी चौकाने वाला था, जब भाजपा के खिलाफ संयुक्त लड़ाई की बात बार-बार दोहराई जा रही थी। कांग्रेस का यह रुख उसके सहयोगियों के लिए संकेत था कि गठबंधन केवल सुविधा का मंच है, प्रतिबद्धता का नहीं।

बिहार में तस्वीर थोड़ी अलग दिखी। यहां विपक्षी महागठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा, लेकिन आपसी फूट, नेतृत्व की खींचतान और समन्वय की कमी ने इसे अब तक की सबसे बड़ी हार दिला दी। टिकट वितरण से लेकर प्रचार की रणनीति तक, हर स्तर पर असंतोष और अविश्वास साफ नज़र आया। यह हार इसलिए भी ज्यादा चर्चा में रही, क्योंकि एकजुटता के बावजूद गठबंधन जनता के बीच एक स्पष्ट, विश्वसनीय विकल्प के रूप में खुद को पेश नहीं कर सका।

2025 में इंडिया गठबंधन के भीतर नेतृत्व को लेकर असमंजस लगातार गहराता गया। समय-समय पर यह मांग उठती रही कि गठबंधन का नेतृत्व केवल कांग्रेस के हाथों में न रहे। तृणमूल कांग्रेस ने इस मांग की खुलकर अगुवाई की, यह कहते हुए कि क्षेत्रीय दलों की राजनीतिक ताकत और जनाधार को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

उधर, कांग्रेस की यह समस्या रही कि वह गठबंधन का नेतृत्व तो करना चाहती है, लेकिन उसके अनुरूप लचीलापन और सामूहिकता दिखाने में अक्सर विफल रहती है। यही कारण है कि उसके कई सहयोगी दल उसके रुख से इत्तेफाक नहीं रख पाए। साथ ही इंडिया गठबंधन के भीतर मतभेद केवल चुनावी रणनीति तक सीमित नहीं रहे, बल्कि मुद्दों पर भी एकरूपता का अभाव साफ दिखा। जम्मू-कश्मीर की नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला का बयान इस संदर्भ में बेहद महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एसआईआर के विरोध में कांग्रेस के उतरने का मतलब यह नहीं है कि वह हमारी भी लड़ाई हो। यह बयान सिर्फ एक मुद्दे पर असहमति नहीं था, बल्कि यह दर्शाता था कि गठबंधन के घटक दल अपनी-अपनी क्षेत्रीय प्राथमिकताओं और राजनीतिक मजबूरियों के अनुसार फैसले ले रहे हैं। ऐसे ही विचार समय-समय पर अन्य सहयोगी दलों की ओर से भी सामने आते रहे, जिससे गठबंधन की साझा वैचारिक जमीन और भी कमजोर होती चली गई। इसी कड़ी में यदि राहुल गांधी की भूमिका का विश्लेषण किया जाए तो 2025 उनके लिए भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने का वर्ष साबित हुआ। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनसे यह उम्मीद की जा रही थी कि वह महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मध्यम वर्ग से जुड़े जनहित के मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे, लेकिन वह अधिकतर समय चुनाव आयोग पर निशाना साधने और संवैधानिक संस्थानों को कठघरे में खड़ा करने में व्यस्त नज़र आए। इससे न केवल उनकी भूमिका पर सवाल खड़े हुए, बल्कि विपक्ष की विश्वसनीयता को भी नुकसान पहुंचा। कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान, खासकर कर्नाटक में नेतृत्व और सत्ता संतुलन से जुड़े विवाद का समाधान निकालने में भी वह विफल रहे। इसके अलावा पूरे वर्ष दिए गए उनके कई बयानों ने कांग्रेस ही नहीं, बल्कि उसके सहयोगी दलों की भी मुश्किलें बढ़ाईं, जिससे इंडिया गठबंधन के भीतर असहजता और अविश्वास और गहराता चला गया। देखा जाये तो साल 2025 विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए एक बड़ा अवसर हो सकता था, लेकिन यह वर्ष आपसी अविश्वास, नेतृत्व संघर्ष और रणनीतिक भ्रम की भेंट चढ़ गया। बहरहाल, इंडिया गठबंधन अगर भविष्य में प्रासंगिक बने रहना चाहता है, तो उसे नाम से आगे बढ़कर वास्तविक राजनीतिक एकजुटता दिखानी होगी। साझा मंच, नियमित संवाद, स्पष्ट नेतृत्व संरचना और क्षेत्रीय दलों की आकांक्षाओं का सम्मान किये बिना यह गठबंधन केवल कागजी रह जाएगा। 2025 ने विपक्ष को यह सख्त संदेश दे दिया है कि बिखराव की राजनीति सत्ता का विकल्प नहीं बन सकती।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

> **बिहार में तस्वीर थोड़ी अलग दिखी। यहां विपक्षी महागठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा, लेकिन आपसी फूट, नेतृत्व की खींचतान और समन्वय की कमी ने इसे अब तक की सबसे बड़ी हार दिला दी। टिकट वितरण से लेकर प्रचार की रणनीति तक, हर स्तर पर असंतोष और अविश्वास साफ नज़र आया। यह हार इसलिए भी ज्यादा चर्चा में रही, क्योंकि एकजुटता के बावजूद गठबंधन जनता के बीच एक स्पष्ट, विश्वसनीय विकल्प के रूप में खुद को पेश नहीं कर सका।**

## भगवान का नाम जपो

**प्रेरक-प्रसंग**

श्री जांभोजी महाराज का जन्म पीपासर (जोधपुर) में हुआ था। वह कई वर्षों तक बोले ही नहीं थे। वह गायों की सेवा में लगे रहते और उन्हें चराने के लिए ले जाते थे। लोग समझते थे कि श्री जांभोजी महाराज गूंगे हैं। वास्तव में वह गूंगे नहीं थे। वह जन्म से योगी थे और अपनी अलौकिक अवस्था में मग्न रहते थे। एक दिन, जब वह गायों को चराने गए, तो उनकी मुलाकात मेवाड़ के महाराणा दूदाजी से हुई। महाराणा दूदाजी ने बताया कि उन्हें उनके राज्य से निकाल दिया गया है। श्री जांभोजी महाराज ने उन्हें एक लकड़ी देते हुए आशीर्वाद दिया, 'तुम अपने राज्य में वापस जाओ। तुम्हें तुम्हारा राज्य पुन: प्राप्त होगा। इस लकड़ी को पवित्र स्थान पर सुरक्षित रखना और सदा भगवान का नाम जपते रहना।' कहते हैं कि उनकी वाणी सत्य हुई। श्री जांभोजी महाराज के संबंध में एक और जिक्र आता है कि उनके पिता इस बात से चिंतित थे कि वह कुछ बोलते क्यों नहीं। उन्होंने नागोर की देवी की पूजा एक ब्राह्मण से करवानी शुरू की, ताकि उनके पुत्र का कथित गूंगापन दूर हो सके। ब्राह्मण ने देवी के समक्ष ग्यारह दीपक जलाए। तभी श्री जांभोजी महाराज ने पहली बार ब्राह्मण को उपदेश दिया और दीपों को केवल जल से प्रज्वलित कर दिया। इस घटना के बाद लोगों को उनके चमत्कार का आभास हुआ। श्री जांभोजी महाराज ने कहा, 'यह सब भगवान की कृपा है।' उस दिन से वह नियमित रूप से लोगों को उपदेश देने लगे।

# दो गौकशों को करके लंगड़ा पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा

**नूरपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के ग्राम जाफराबाद कुईं के जंगल में गौवांशीय अवशेष मिलने के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।**

पुलिस के अनुसार रात्रि में पुलिस गश्त के दौरान मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जाफराबाद कुईं में हुई गोकशी की घटना से संबंधित अभियुक्त पुन: उसी स्थान पर घटना करने की योजना बना रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देख अभियुक्तों ने पुलिस पर फायर किया। पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दो अभियुक्तों के पैर में गोली लगी, जिन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया तथा एक अन्य अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।

पूछताछ के दौरान घायल अभियुक्तों ने अपने नाम फैजान पुत्र मुस्तफा निवासी मोहल्ला ब्रह्मपुरी कस्बा व थाना नूरपुर जिला बिजनौर, मौ. अली पुत्र अतीक निवासी मोहल्ला मोहम्मद नगर नूरपुर बताए हैं। उनके कब्जे से दो तमचे, प्लास्टिक के कट्टे में गोकशी से संबंधित उपकरण बरामद हुए। उन्हें इलाज हेतु सीएचसी नूरपुर ले जाया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त फैजान व मौ. अली द्वारा फरार अभियुक्त का नाम इरशाद ग्राम गोयली थाना चांदपुर, जिला बिजनौर बताया गया।



## छुट्टा गौवंशीय पशुओं को पकड़कर वध करते हैं

**गिरफ्तार में मौ. अली ने बताया कि फैजान व इरशाद के साथ मिलकर गांव के आसपास जंगल में आवारा गौवंशीय पशुओं को पकड़कर जंगल में उनका वध करते हैं तथा गौवंशीय मांस को बिलाल पुत्र हकीमुद्दीन निवासी ग्राम पीपला जागीर के टैम्पो में भरकर अफजल व सोनू पुत्रगण मुजाहिद निवासी मौहल्ला मोहम्मदनगर नूरपुर व आदिल पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम पीपला जागीर तथा भूरा उर्फ मुनासिर पुत्र अकबर पहलवान निवासी मौहल्ला मोहम्मदनगर की दुकानों पर सस्ते दामों में बेच देते हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विकास कुमार उपनिरीक्षक श्रीकांत सत्यार्थी, प्रमोद कुमार, रोहित, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# जमात पर रोक के मामले में एएसपी से मिले मुस्लिम धर्मगुरू

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंगलवार को जमीयत उलेमा ए हिंद के पदाधिकारी नगीना शहर इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम व मुफ्ती शमसुद्दीन के नेतृत्व में मुस्लिम धर्मगुरूओं ने एसपी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर एएसपी देहात प्रकाश कुमार ने उलेमा की बात को सुना। जमीयत उलेमा ए हिंद के पदाधिकारियों ने एएसपी देहात को बताया कि जिले में पुलिस धार्मिक प्रचार के लिए आ रही जमातों पर रोक लगा रही और उन्हें परेशान कर रही है। एएसपी प्रकाश कुमार ने उलेमा से मस्जिदों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, जमात में शामिल लोगों का पूरा रजिस्टर बनाए रखने और रिकॉर्ड दर्ज करने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल में गुलसिताब एड., झालू के पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद, मुफ्ती अरशद, असलम, राशिद, मुफ्ती वसीम, मुफ्ती फैजान व दानिश चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## चांदपुर के युवक की कुवैत में सीढ़ी से गिरकर मौत



**चांदपुर ( चिंगारी )। रोजगार के लिए विदेश गये एक युवक की वहां सीढ़ी से गिरकर मौत हो गई। कल जब युवक का शव घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया, जिससे वहां मौजूद लोगों की भी आंखें नम हो गई। नगर के मुहल्ला काजीजादगान निवासी मौ. उवैस ( 24 वर्ष ) पुत्र मौ.असलम रोजगार के लिए कुवैत गया हुआ था। बताया जाता है कि कुवैत में उवैस सीढ़ी पर चढ़कर कार्य कर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी से गिरकर मौ. उवैस गम्भीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मंगलवार को उवैस का शव कुवैत से चांदपुर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। कुछ देर उसको सुपर्द-ए-खाक कर दिया गया, तफदीन में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। वार्ड सभासद मौ. शाहनवाज उर्फ सोनू ने उवैस के इंतकाल पर दुख जताते हुए मरहूम की मगफिरत के लिए खुदा से दुआ की।**

## एसपी ने किरतपुर की थाना इंचार्ज पुष्पा देवी को हटाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** एसपी अभिषेक झा ने किरतपुर थाना इंचार्ज श्रीमती पुष्पा देवी को हटा दिया है। उनके स्थान पर मंडावली थानाध्यक्ष दरोगा पुष्पेंद्र सिंह को किरतपुर थाने की बागडोर सौंपी गई है। थाना साइबर क्राइम के इंचार्ज इंस्पेक्टर राकेश कुमार को मंडावली थाने का चार्ज दिया गया है, जबकि किरतपुर थाने से हटाई गई इंपेक्टर श्रीमती पुष्पा देवी को थाना साइबर क्राइम का चार्ज दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में बच्चे की दर्दनाक मौत



**नहटौर ( चिंगारी )। सड़क पार करने के दौरान 5 वर्षीय बालक अज्ञात कार की चपेट में आने से गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये निजी चिकित्सक के यहां ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को झालू रोड स्थित ग्राम मेहरपुर निवासी शौर्य पुत्र रामगोपाल सैनी ( 5 वर्ष ) अपनी दादी जो सड़क किनारे सब्जी लेने के लिए आयी थी, के साथ आया था। बताया जाता है कि इस दौरान वह सड़क को पार कर रहा था। अचानक अज्ञात कार की चपेट में आने से शौर्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन तत्काल उसे नहटौर के निजी चिकित्सक के यहां ले गये, जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। शौर्य की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं गांव में शोक छा गया।**

# राजा ग़ज़न्फ़र अली खां की बरसी पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** पूर्व राज्य मंत्री मरहूम राजा ग़ज़ंफ़र अली ख़ान की 11 वीं बरसी पर मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट डोईवाला के सहयोग से एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 250 मरीजों की आंखों की जांच की गई, वहीं जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच के बाद मोतियाबिंद से पीड़ित 21 मरीजों को आपरेशन हेतु हिमालयन हॉस्पिटल, जॉलीग्रांट (डोईवाला) भेजा गया।

इस अवसर पर मरियम एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने कहा कि मरहूम राजा ग़ज़ंफ़र अली ख़ान का जीवन हमेशा समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग की सेवा के लिए समर्पित रहा है। उनकी याद में हर साल हम इस तरह के शिविर लगाते हैं।



शिविर में मौजूद डॉक्टर एम फैजान ने बताया कि आंखों से संबंधित बीमारियों की समय रहते जांच बेहद जरूरी है। ऐसे शिविर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होते हैं। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन कॉलेज अध्यक्ष मरियम साईम, सोसायटी अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा, डॉक्टर एम. फैजान खान, डॉक्टर मोहित बंसल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर के समापन पर हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट से आए डॉक्टर रितिका, डॉक्टर सुबोध गुप्ता, डॉक्टर अंजली असवाल, डॉक्टर शिवानी को सोसायटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# प्रभातफेरी के स्वागतकर्ताओं को सरोपा भेंट करके किया गया सम्मानित



**धामपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज बुधवार को गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह, प्रबंध समिति के अध्यक्ष स. अमरजीत सिंह एडवोकेट, सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला के निर्देशन में निकाली गई प्रभात फेरी का पहला स्वागत रेलवे स्टेशन मार्ग पर मनोज कुमार के परिवार की ओर से हुआ। जबकि दूसरा सरदार तेजेंद्र सिंह मोगा, सरदार गुरप्रीत सिंह मोगा, बीबी सहज दीप कौर मोगा, सरदार सतवीर सिंह मोगा, बीबी जसमीत कौर मोगा के परिवार की ओर से तथा गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार शरणागत सिंह खालसा, सरदार कुलदीप सिंह मोगा, सरदार सुरेंद्र सिंह मोगा को सरोपा भेंट करके सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार सुरेंद्र सिंह चंदन, स्त्री सत्संग सभा की वरिष्ठ सदस्य बीबी सुरेंद्र कौर तथा भारतीय जनता पार्टी के धामपुर मंडल उपाध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मनी के परिवार की ओर से भी प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। इस मौके पर आयोजित सम्मान समारोह में जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा सहित सरदार परवीर सिंह, कुलमणि सिंह, एसपी सलूजा, राजीव कुमार सिसोदिया, सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, जितेंद्र गोयल, नागेश्वर दयाल गहलौत, राघव शरण गोयल, राजू गुप्ता, भूपेंद्र सैनी, सरदार गुरशरण सिंह मोहन, हिमांशु चौहान, प्रमोद राठी, गौरव पोसवाल, कपिल कुमार चौहान, चौधरी अतुल कुमार सिंह राजा, सागर अग्रवाल, वरुण कुमार गुप्ता, मोहित कुमार अग्रवाल, सरदार सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार गुरदीप सिंह चावला रोमी, सरदार जसप्रीत सिंह एडवोकेट, सरदार जसप्रीत सिंह रॉकी, मनोज कुमार सिंह चौहान, गजेंद्र सिंह चौहान, अरविंद कुमार सिंह चौहान आदि शामिल रहे। निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा में पहुंचकर संपन्न हुई।

# नव वर्ष में एम्स को मिलेगा सुलभ उपचार का उपहार

## लीवर ट्रांसप्लांट की सुविधा होगी उपलब्ध

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** वीरभद्र मार्ग स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स में तीर्थ नगरी देवभूमि के निवासियों के लिए नया वर्ष 2026 बेहतर सेहत और सुलभ उपचार का उपहार लेकर आ रहा है। अब अपनों के इलाज के लिए न पहाड़ की दूरी बाधा बनेगी और न ही सुविधाओं का अभाव होगा। अब एम्स में लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा और किच्छा में नए परिसर के विस्तार से उत्तराखंड की स्वास्थ्य सेवाओं में एक नया सवेरा होने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी एम्स में ट्रांसप्लांट सेंटर स्थापित करने के लिए केंद्रीय के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है अब लिवर की समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। एम्स में नए साल से लिवर ट्रांसप्लांट की सुविधा शुरू होगी। वर्ष 2023 में रोटो (रीजनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन) ने एम्स को लिवर ट्रांसप्लांट की अनुमति दी थी। एम्स प्रशासन का कहना है कि अब लिवर ट्रांसप्लांट के लिए एम्स में तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। सर्जन को दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मशीनें उपलब्ध हो चुकी है मरीजों की लाइनअप है। नए साल से यह सुविधा शुरू कर दी जाएगी।

# नौशाद राईन आढ़ती का इंतेक़ाल



नौशाद अहमद राईन

**धामपुर (चिंगारी)।** लंबे समय से बीमार चल रहे मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी 45 वर्षीय नौशाद अहमद राईन आढ़ती का सोमवार को दिल्ली ले जाते समय रास्ते में ही निधन हो गया। मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित गोरे गरीबा कब्रिस्तान में दफ्न किया गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नौशाद अहमद राइन एक व्यवहार कुशल व्यक्ति होने के साथ-साथ काफी सादगी पसंद व्यक्ति भी थे। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के साथ-साथ लोगों के दुख-दर्द में भी शामिल होना उनकी आदत में शुमार था। नौशाद अहमद राइन के, जनाजे में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान के पुत्र ठाकुर अमित प्रताप सिंह, नसीम राणा, अरमान अली, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष महमूद हसन कस्सार, पूर्व सभासद इलियास अंसारी, अबरार आढ़ती, वरिष्ठ पत्रकार जुल्फिकार मंसूरी, मुमताज आढ़ती, फुरकान आढ़ती, कारी इकराम, मौलाना असलम, जावेद सईद, नसीम कस्सार, दिलीप आढ़ती, होशराम सैनी आढ़ती, मदन सैनी आढ़ती, बाबू सैनी आढ़ती, शमशेर अली, मकसूद अहमद, गुलजार आढ़ती, नदीम साइकिल वाले, सभासदपति शादाब मंसूरी, पूर्व मंत्री नईमुल हसन, हाजी मोहम्मद अनीस अंसारी, शमसुल कमर राइन, शमशाद अंसारी एडवोकेट, मास्टर शमशेर पांडे आदि मौजूद थे। परिवार भी मृतक के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करता है।



साई बाबा की पालकी का स्वागत करते हुए।

# हंगामा समिति ने किया साईं पालकी का स्वागत

**धामपुर (चिंगारी)।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति धामपुर द्वारा श्री साई गंगा धाम द्वारा निकाली गयी साई पालकी का पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया। स्वागत में संस्था के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, संस्था के सदस्य मुकेश शर्मा, दीपा सैनी, रेखा चौहान, रेखा रानी, पल्लवी सैनी, अनिता चौहान, रश्मि चौहान, पूनम चौहान, ख्वाहिश सैनी, शीतल शर्मा, सुदेश शर्मा, शशिबाला शर्मा, रेखा कात्यायन, लक्ष्य सैनी, राज सैनी, उदित मिश्रा, विकास यादव, रामकुमार सैनी, ऋषभ, वेद आदि उपस्थित रहे। सभी के द्वारा श्री साई बाबा की पालकी का पुष्प वर्षा व प्रसाद वितरण कर मेन मार्केट में कन्हैया स्वीट्स पर भव्य स्वागत किया गया।

धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।

बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय
निकट थाना कोतवाली, धामपुर

| | |
|---|---|
| खुर्शीद अंसारी | 6395717199 |
| मनोज कात्यायन | 9927500708 |
| जुल्फिकार मंसूरी | 9568154643 |

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# ट्यूशन पढ़ने गया छात्र दो दिन से लापता



देवांश चौहान

**धामपुर (चिंगारी)।** इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा ग्यारहवीं में पढ़ने वाला नगर का एक छात्र देवांश चौहान 24 घंटे से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता है। परिजनों ने उसकी तलाश अपनी सभी रिश्तेदारियों में की, लेकिन उसका कोई पता नहीं लग सका। छात्र के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से बेटे को ढूंढने की गुहार लगाई। प्राप्त विवरण के अनुसार देवांश चौहान पुत्र अरुण कुमार (16 वर्ष) जीवन ज्योति अस्पताल के पास चंद्रा राइस मिल की कॉलोनी में रहता है। सोमवार की शाम घर से ट्यूशन पढ़ने की बात कह कर निकला था। लेकिन देर रात तक जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसको अपनी सभी रिश्तेदारियों में तलाश किया। परिजनों ने नगर में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी फोटेज खगांली, जिसमें देवांश एक ई रिक्शा में जाते हुए दिखाई दिया। इसके बाद देवांश का कुछ पता नहीं चला। काफी प्रयासों के बावजूद जब देवांश का कोई पता नहीं लग सका, तो परिजनों ने मंगलवार की कोतवाली पहुंचकर देवांश की गुमशुदगी दर्ज कराई। इस दौरान परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# दुष्यंत कुमार की पुण्यतिथि पर कवियों ने दी काव्यात्मक श्रद्धांजलि

**धामपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ के तत्वावधान में देश और जनपद बिजनौर के महान हिंदी गजलकार दुष्यंत कुमार की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मंगलवार की रात्रि हरि कांत निवास पर आयोजित कार्यक्रम में राजकुमार वर्मा, एजाज धामपुरी, नरेंद्रजीत अनाम, देशराज उदार, राम सिंह सुमन, डॉ. सुरेंद्र राजपूत, विरेंद्र बेताब, पवन संगम, बालक तविश, विभूति कांत शर्मा, इंदु कांत, रजनीश धीमान, अजयपाल शर्मा ने रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया। अध्यक्षता राजकुमार सिंह ने की तथा संचालन हरिकांत शर्मा ने किया।




काव्य पाठ करते हुए राम सिंह सैनी।

# गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्राली हाईवे पर पलटी, जाम लगा

**शेरकोट (चिंगारी)।** मंगलवार की शाम हाईवे पर कुंडा चौराहे के निकट उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ट्रक की टक्कर से गन्ना भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे के बाद हाईवे पर यातायात बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।



जानकारी के मुताबिक कल शाम ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर निवासी मुकुल कुमार जंगल से अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना भरकर मुबारकपुर गन्ना सेंटर पर तुलवाने जा रहा था। जब वह हाईवे पर स्थित कुंडा चौराहे के पास पहुंचा तो पीछे से आए एक ट्रक की ट्रॉली में साइड लग गई, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के दौरान मुकुल ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रैक्टर से छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यदि तत्परता दिखाते हुए चालक ट्रैक्टर से न कूदता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से हाईवे पर गन्ना बिखर जाने से हाईवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से पलटी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली व बिखरे गन्ने को हटवाकर यातायात व्यवस्था को बहाल कराया गया। बताया जाता है कि दोनों वाहन चालकों के बीच आपसी समझौता हो गया है। समझौते के बाद दोनों अपने-अपने वाहन लेकर मौके से चले गये।

# रामा एफएम टीम ने आयुष्मान कार्ड व टीकाकरण के प्रति जागरूक किया



**किरतपुर (चिंगारी)।** स्मार्ट एन.जी.ओ. के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे 'सेहत सही लाभ कई' कार्यक्रम के अंतर्गत रामा एफएम 90.0 टीम ने गांव शादीपुर में जाकर महिलाओं को आयुष्मान कार्ड तथा टीकाकरण के सम्बन्ध में जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आयुष्मान कार्ड, सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं और टीकाकरण के लाभों से अवगत कराना था, ताकि वे अपने एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामा एफएम 90.0 कोर्डिनेटर नीलम वर्मा, रचना चौधरी, रूचि शर्मा, निखिल भारद्वाज के अलावा सक्रिय रूप से भाग लेने वाले बच्चों उमर खान, कानू राजपूत, महक परवीन, सायमा, रुशदा मुस्कान, फायजा, रिया, अलीना एवं सानिया, जवी, मानवी आदि का योगदान रहा। मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# खाद्य निरीक्षक ने किया मीट की दुकानों का निरीक्षण

**नहटौर (चिंगारी)।** एचएमआई इंटर कॉलेज के पास एक मीट की दुकान पर गंदगी की शिकायत मिली। क्षेत्रीय फूड इंस्पेक्टर आरके सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर दुकान का निरीक्षण किया। एक वीडियो के माध्यम से शिकायत डीएम से की गई थी। आरोप था कि मीट की दुकान के बाहर मुर्गे के पंख डालकर गंदगी फैलाई जा रही है। जांच के दौरान फूड इंस्पेक्टर आरके सिंह ने दुकान के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में ऐसी शिकायत दोबारा मिलती है, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आसपास की अन्य मीट की दुकानों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शिकायत की जांच की गई है।

# अटल स्मृति दिवस समारोह का आयोजन




**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** डबाकरा हाल में अटल स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, क्षेत्रीय मंत्री पश्चिमी क्षेत्र अनूप वाल्मीकि, राष्ट्रीय परिषद सदस्य महेंद्र धनोरिया रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने किया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व विधायक सतीश गौतम, मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, मंडल अध्यक्ष किरतपुर नगर गौरव पाराशर, मंडल अध्यक्ष किरतपुर ग्रामीण जितेंद्र मलिक, मंडल महामंत्री सचिन शर्मा, मंडल महामंत्री देवेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री मेघराज सिंह, टीकम सिंह, विनीत चौधरी, सतीश त्यागी, नरपाल सैनी, अरविंद चौधरी, चंद्रपाल सिंह, नेहा त्यागी, कुलदीप त्यागी, दिनेश त्यागी, सुरेश भगत, सुधीर चौधरी, मास्टर जितेंद्र, मोहित त्यागी, नरेश चौधरी, कुलदीप प्रधान, सोनू सैनी, गौरव पाल, नरेंद्र त्यागी, जितेंद्र चौधरी, गौतम प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# ठेला लगाने वाले की बेटी ने किया जिले का नाम रोशन

## नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया



**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर तहसील क्षेत्र की 17 वर्षीया बेटी भूमिका ने 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर क्षेत्र का ही नहीं जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता से कोलकाता से वापस लौटने पर न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव ने ढोल-नगाड़ों के साथ उसका स्वागत किया।

गांव दित्तनपुर निवासी राजू, जो खाने का ठेला लगाते हैं, उनकी पांच संतानों में सबसे छोटी बेटी भूमिका का चयन 51वीं जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ था। यह प्रतियोगिता 25 से 28 दिसंबर तक कोलकाता के दमदम में आयोजित की गई, जिसमें राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड सहित देशभर की 36 टीमों ने प्रतिभाग किया।

इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल से भूमिका खिलाड़ी रही, जिसने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता से लौटने पर सेंट मैरी स्कूल के पास गांववालों ने उसका फूल-मालाओं से स्वागत किया। भीषण ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में ग्रामीण स्वागत के लिए पहुंचे और पूरे गांव में लड्डू व मिठाइयां बांटकर खुशी का जश्न मनाया गया। गांव वालों ने भूमिका की इस उपलब्धि को क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। चिंगारी परिवार भूमिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

# सघन मत्स्य पालन के लिए आवेदन 7 जनवरी तक

**बिजनौर (चिंगारी)।** सहायक निदेशक मत्स्य नीतू सिंह ने जनसामान्य को जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित सघन मत्स्य पालन के लिए एरेशन सिस्टम की स्थापना राज्य सेक्टर के अन्तर्गत (महिला हेतु) ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विभागीय पोर्टल 07 जनवरी तक खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के लिए योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण को विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त योजनाओं में यदि भविष्य में कोई संशोधन होना है तो संशोधित प्रविधान लागू होंगे।

# शेरकोट क्षेत्र में अजगर के निकलने का सिलसिला जारी

**शेरकोट (चिंगारी)।** क्षेत्र में अजगर सांप मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम भिक्कावाला के पास अजगर सांप नजर आने से क्षेत्रीय लोगों में हड़कंप मच गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई। इस बीच सांप कुछ देर झाड़ियों में जाकर गायब हो गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कल दोपहर हरेवली मार्ग से गांव में आने वाले रास्ते पर स्थित पीपल देवता के पास सड़क किनारे झाड़ियों में राहगीरों को एक लगभग 15 फीट लम्बा अजगर सांप दिखाई दिया, जिसे



देखकर लोग भयभीत हो गए। गांव के निकट अजगर आने का पता लगने पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इस बीच कुछ शरारती युवकों ने कंकर आदि मारकर अजगर से छेड़खानी शुरू कर दी। कुछ देर बाद सांप धीरे-धीरे झाड़ियों में स्थित अपने बिल में जाकर घुस गया। गांव के पास अजगर सांप नजर आने से क्षेत्रीय लोगों में दहशत का माहौल है।

गौरतलब है कि बीते दो सप्ताह के भीतर क्षेत्र में ये अजगर मिलने की तीसरी घटना है। इससे पूर्व वन विभाग की टीम 18 दिसम्बर को खो बैराज के निकट और 27 दिसम्बर को नयागांव स्थित गौशाला के सामने से अजगर सांप को सुरक्षित रेस्क्यू करके ले जा चुकी हैं।

# यूपी ने वर्ष 2025 में कई मामलों में रचा कीर्तिमान

## महाकुंभ और राम मंदिर के भव्य आयोजन

## बेरोजगारी दर 19 फीसदी से घटकर 2.4 हुई और स्टार्टअप में बने नंबर वन

-देवराज सिंह

**लखनऊ (चिंगारी)।** राजनीतिक और आध्यात्मिक दष्टि से महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश के लिए वर्ष 2025 न केवल राजनीतिक दृष्टि से बल्कि आध्यात्मिक, आर्थिक विकास और कानून व्यवस्था के नजरिए से भी उत्कृष्ट रहा। युवाओं के लिए रोजगार और शिक्षा—स्वास्थ्य में क्रांतिकारी परिवर्तनों के साथ मूलभूत विकास भी गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है और इसका श्रेय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। यह वर्ष 2025 की शुरुआत जनवरी में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ समारोह से की गई तो वर्ष के 11 वें महीने में मंदिर के शिखर पर ध्वजारोह किया गया।

उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक दृष्टि से राम नगरी अयोध्या इस समय देश-दुनिया का आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ वर्ष 2025 की शुरुआत 11 जनवरी को बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इसी वर्ष 25 नवंबर को आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने प्रख्यात साधु संतों की उपस्थिति में राम मंदिर के शिखर पर भगवाध्वज फहराया। यह ध्वज मंदिर की पूर्णता का संदेश देता है। अयोध्या में दीपावली के अवसर पर दीपोत्सव का आयोजन गिनीज बुक रिकार्ड बना। इसके साथ राम नवमी से लेकर दशहरा तक भव्य



आयोजन हुए और यह सिलसिला अभी भी चल रहा है। वर्ष 2025 की बड़ी उपलब्धि महाकुंभ का सफल आयोजन रहा, जिसमें देश दुनिया के 60 करोड से अधिक भक्तों ने संगम में डुबकी लगाई और यह आयोजन पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचने में सफल रहा।

### माफियाओं की जमीन पर बने गरीबों के घर

माफियाओं द्वारा अर्जित की गई अरबों की संपत्ति जब्त करने के साथ ही जमीन को कब्जामुक्त कर उस पर गरीबों के लिए आवास बनाए गए। राजधानी लखनऊ में मुख्तार अंसारी की जमीन पर सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना के तहत फलैट बनाकर गरीबों को आवंटित किए गए। उत्तर प्रदेश में कानून का ही राज है कि यहां व्यापारियों और उद्यमियों से वसूली नहीं होती है और उनका रोजगार लगातार फल फूल रहा है। नए-नए उद्योग धंधे लग रहे और सरकार एमओयू के माध्यम से युवाओं को स्किल्ड बनाकर उनकी प्रगति के द्वार खोल रही है।

### कई योजनाओं में देश में टॉपर

प्रदेश में विकास को देखें तो इस राज्य ने अपनी कुशल प्रशासनिक क्षमता का उपयोग कर कई सरकारी योजनाओं में देश में पहला स्थान बनाया है। इनमें पीएम सूर्य घर योजना का नाम सबसे ऊपर है। इसके साथ ही 18 नवंबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रपति के हाथों में प्रदेश जालौन और मिर्जापुर जिलों को जल प्रबंधन में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उत्तर प्रदेश ने एथेनॉल उत्पादन में रिकॉर्ड 141.8 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ।

### मूलभूत ढांचे का अभूतपूर्व विकास

मूलभूत विकास ढांचे की बात करें तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपए का ऐतिहासिक बजट पेश किया था और यह बजट प्रदेश के इतिहास में अबतक का सबसे बड़ा बजट है। इस बजट से प्रदेश के विकास की गति तेज हुई है। प्रदेश के लगभग सभी जिला अस्पतालों में सीटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध कराई गई, और 5 नए राजकीय मेडिकल कॉलेज अमेठी, बुलंदशहर, ललितपुर, पीलीभीत और औरैया में शुरू किए गए; और सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेजों में स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल लाइब्रेरी विकसित की गईं।

## बिना थके चला योगी सरकार का बुलडोजर



## अपराधियों के लिए काल बनकर आया 2025

**कानून व्यवस्था की दृष्टि से देखें तो यह साल अपराधियों और दंगाइयों के लिए काल बन कर आया। संभल और बरेली में मस्जिद के सर्वे के समय उत्पात मचाकर लाखों की संपत्ति स्वाहा करने वाले दंगाइयों पर योगी सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। साल भर योगी सरकार का बिना थके बुलडोजर चलता रहा। बरेली में हिंसा में शामिल कथित मौलनाओं की संपत्तियों पर बुलडोजर चला और उन्हें जेल में डाल दिया गया। प्रदेश के हर कोने में अपराधियों को उनके किए की सजा मिली। कई अपराधी पुलिस मुठभेड़ में ढेर किए गए तो कई को कानूनी पैरवी के चलते आजीवान कारावास की सजा सुनाई गई। बहराइच जिले में प्रतिमा विसर्जन के समय एक युवक की हत्या के मामले में आरोपितों को ऐसी ही सजा मिली।**

## शांतिपूर्ण माहौल में एसआईआर



साल बीतते-बीतते उत्तर प्रदेश में सघन मतदाता पुनरीक्षण कार्य भी एक बड़ा सियासी मुद्दा रहा। भाजपा ने एसआईआर अभियान में वैध मतदाताओं के नाम जोड़ने और सत्यापन के लिए कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया तो समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल एसआईआर को लेकर मतदाताओं में भ्रम पैदा करने में व्यस्त रहे। इस अभियान में अभी सरकारी मशीनरी 3 करोड़ मतदाताओं का पता लगा रही है। बहरहाल इस मुददे पर विवाद जारी है लेकिन मतदाताओं ने बीएलओ के पास अपना मतदाता सूची में अपना नाम दुरुस्त कराया।

## यूपी के खिलाड़ियों ने दुनिया में फहराई पताका

2025 में उत्तर प्रदेश के होनहार खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर परचम लहराया है। अंतरराष्ट्रीय महिला विश्वकप में आगरा की क्रिकेटर दीप्ति शर्मा ने भारत को विश्व चैंपियन बनने में बड़ी भूमिका निभाई। इसी प्रकार क्रिकेटर कुलदीप यादव प्रदर्शन भी शानदार रहा। ऐसे ही पैरा चैंपियन प्रवीण कुमार, प्रीति पाल और भाला फेंक खेल प्रतियोगिता में मेरठ की अन्नू रानी ने दुनिया भर में पहचान बनाई है। यूपी के कॉडर के आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई ने बैडमिंटन एसएल-4 वर्ग में टोक्यो में रजत और पेरिस में स्वर्ण जीत कर नाम रोशन किया है।

## लाखों युवकों को मिली नौकरी

**वर्ष 2025 उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए नौकरी की खुशियां लेकर आया। शिक्षकों से लेकर विभिन्न पदों पर पारदर्शिता के साथ लाखों नियुक्तियां की गईं; बिना रिश्वत के हुई इन नियुक्तियों से प्रदेश के लाखों परिवारों ने योगी सरकार में विश्वास व्यक्त किया और इन सफल अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं नियुक्ति पत्र दिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश देश में स्टार्टअप के मामले में तीसरे नंबर पर पहुंचा और 25 हजार से ज्यादा नए स्टार्टअप रजिस्टर्ड हुए, जिन्होंने युवाओं को रोजगार देने के साथ ही विकास में भी अपना योगदान दिया। यही कारण रहा कि प्रदेश में बेरोजगारी दर 19 फीसदी से घटकर सिर्फ 2.4 फीसदी रह गई।**



# हरमनप्रीत के अर्द्धशतक की बदौलत भारत ने श्रीलंका को किया क्लीन स्वीप



**तिरुवनंतपुरम ( एजेंसी/चिंगारी )** कप्तान हरमनप्रीत कौर (43 गेंद, 68 रन) के अर्द्धशतक और गेंदबाजों के संयुक्त प्रयास की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को पांचवें और आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में श्रीलंका को 15 रन से हराकर सीरीज़ 5-0 से अपने नाम की। श्रीलंका को क्लीन स्वीप करने के लिये हरमनप्रीत ने 43 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के के साथ 68 रन बनाये। हरफनमौला अरुंधति रेड्डी ने जहां 11 गेंद पर 27 रन बनाकर भारत की पारी को मज़बूत अंत दिया, वहीं दो ओवर में 16 रन के बदले श्रीलंका का एक विकेट भी चटकाया।

श्रीलंका की ओर से सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा (42 गेंद, 65 रन) और इमेशा दुलानी (39 गेंद, 50 रन) ने अर्द्धशतक जड़े, लेकिन उनके प्रयास श्रीलंका को सीरीज़ का आखिरी मुकाबला जिताने के लिये नाकाफी साबित हुए।

भारतीय महिलाओं ने तीसरी बार कोई टी20 सीरीज़ 5-0 से जीती है।

इससे पहले भारतीय महिलाएं वेस्ट इंडीज और बंगलादेश के खिलाफ भी यह कारनामा कर चुकी हैं। इस मैच में अर्द्धशतक लगाने के बाद हरमनप्रीत (16) महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा पचासे जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर काबिज़ मिथाली राज (17) से सिर्फ एक कदम पीछे रह गयी हैं।

भारत ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का विकेट दूसरे ही ओवर में गंवा दिया। भारत के लिये पदार्पण कर रही जी कमालिनी भी महज़ 12 रन के स्कोर पर कविशा दिलहारी का शिकार हो गयीं। हरलीन देओल ने रश्मिका सेवंडी की गेंद पर क्लीन बोल्ड होने से पहले 13 रन बनाये, लेकिन उनके जाने के साथ ही भारतीय पारी संकट की स्थिति में नज़र आने लगी। इस मौके पर हरमनप्रीत ने पारी को संबल दिया। विकेटकीपर ऋचा घोष (पांच रन) और दीप्ति शर्मा (सात रन) के विकेट गिरने के बावजूद उन्होंने एक छोर को संभाले रखा। उन्होंने आधी टीम के पवेलियन लौटने के बावजूद भारत को 11वें ओवर में 79 रन तक पहुंचा दिया। हरमनप्रीत को दूसरे छोर पर अमनजोत कौर (18 गेंद, 21 रन) का साथ मिला। इस जोड़ी ने कुछ देर संयम दिखाया, लेकिन 14वें ओवर में एक-एक चौका जड़कर अपने हाथ खोल लिये। हरमनप्रीत ने 15वें ओवर में अपना अर्द्धशतक पूरा किया। अमनजोत और हरमनप्रीत क्रमश: 16वें और 17वें ओवर में आउट हो गयीं, लेकिन इससे पहले उन्होंने 61 रन जोड़कर छठे विकेट के लिये भारतीय महिला टीम की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। भारत को अब विस्फोटक अंत की ज़रूरत थी, जो उसे अरुंधती रेड्डी ने दी।

# गुरू गोबिंद सिंह प्रकाशोत्सव पर नगर में प्रभातफेरी निकाली



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर में श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नजीबाबाद की ओर से सिख समाज ने गुरुवाणी गायन के साथ प्रभात फेरी निकाली। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा नजीबाबाद के प्रधान नरेंद्र सिंह वाधवा, मुख्य ग्रंथी मनजेंद्र सिंह के निर्देशन में प्रभात फेरी निकाली। नगर के मौहल्ला मकबरा में विभिन्न मार्गो से होते हुए प्रभात फेरी गुरदीप सिंह चंदोक के घर पहुंची। प्रभातफेरी का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सरदार मनविंदर सिंह, मनमोहन सिंह, मनजीत सिंह, मंगल सिंह ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रंथी मजेंदर सिंह ने अरदास कराई। जल-पान ग्रहण करने के बाद प्रभात फेरी शबद-कीर्तन करते हुए गुरुद्वारा पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर सरदार चरणजीत सिंह, गुरमीत सिंह, बलवीर सिंह, सर्वजीत सिह, गगनजीत कौर, इंद्रजीत कौर सुखलीन कौर आदि उपस्थित रहे।

## सती माता मन्दिर पर दो दिवसीय मेला सम्पन्न

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के नांगल सोती थाना क्षेत्र के ग्राम अलीपुर द्वारिका (तिसोतरा) में प्रति वर्ष पौष मास की सप्तमी को लगने वाला दो दिवसीय मेला सम्पन्न हो गया। यह मेला पूरे जनपद वासियों के लिए आस्था व मेल मिलाप का केन्द्र रहा। पूरे गांव में हर घर में अतिथियों के आगमन से गांव में चहल पहल रही। मेले का मुख्य आकर्षण छोटे बड़े झूले, चूड़ियां, बर्तनों की दुकान, जलेबी, चाट पकौड़ी जैसे स्वादिष्ट पकवान रहे। मेला कुशल संपन्न होने पर सती माता मंदिर के पुजारी पंडित मनोज कुमार शर्मा ने पुलिस प्रशासन, स्थानीय, राजनीतिक व सामाजिक व्यक्तियों तथा इस मेले में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं दुकानदारों का आभार प्रकट किया। भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह ने शोभित चौधरी, डॉ. रितेश सैन, अभय रघुवंशी, संदीप चौधरी, मनोज राठी आदि पार्टी पदाधिकारियों द्वारा परिवार के साथ मन्दिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र के विकास शान्ति समृद्धि की प्रार्थना की।

## सूचना

**पहले मेरे नाम कमर आलम की स्पेलिंग ( KAMAR ALAM ) थी। अब मैंने अपने नाम की सही स्पेलिंग ( QAMAR ALAM ) रख ली है। भविष्य में मुझे नये नाम की स्पेलिंग ( QAMAR ALAM ) से जाना व पहचाना जाये।**

**-कमर आलम पुत्र मौ. हनीफ, निवासी मौ. मुगलूशाह, नजीबाबाद जिला बिजनौर**

## सर्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री मुताहिर अहसन खान निवासी मौ0 चाहशीरी बी - 24 बिजनौर के पुत्र अब्दुल हादी खान जन्म का रजिस्ट्रेशन नगर पालिका परिषद बिजनौर के जन्म पंजीकरण रजिस्टर वर्ष 2021 के रजिस्ट्रेशन संख्या- B-2021:9-90036-007273 पंजीकरण दिनांक 02.07.2021 पर अंकित हैं। इस रजिस्ट्रेशन में जन्म दिनांक - 17.12.2015 अंकित हैं। उक्त जन्म प्रमाण पत्र को निरस्त कराने हेतु प्रार्थी द्वारा आवेदन किया गया है

उक्त जन्म प्रमाण पत्र के संसोधन / निरास्तिकरण में किसी को आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने के 30 दिन के अंदर अपनी आपत्ति अथवा प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**आज्ञा से**

**नोडल अधिकारी (जन्म मृत्यु)**

**कार्या0 मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बिजनौर**

# उधार के पैसे मांगने पर महिला से दुष्कर्म का प्रयास

## तमंचा दिखाकर दी जान से मारने की धमकी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम श्यामीवाला निवासी एक महिला ने गांव के ही युवक पर उधार के रुपये मांगने पर दुष्कर्म का प्रयास करने व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी को दिये प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया है कि वह 26 दिसंबर को दोपहर करीब 3:30 बजे खेत पर काम कर रही थी कि तभी गांव का आसिफ अपने एक साथी के साथ वहां आया। महिला के अनुसार आसिफ ने उससे पिछले वर्ष पांच लाख रुपये उधार लिए थे। उसने आसिफ से रुपये लौटाने को कहा तो वह आग बबूला हो गया। आरोप है कि आसिफ व उसके साथी ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की और उसे नीचे गिराकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने व शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे लोग दौड़े तो आसिफ ने तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि वह रिपोर्ट दर्ज कराने थाना मंडावली पहुंची, लेकिन थाना प्रभारी के नहीं मिले, जिस पर वह सीओ नजीबाबाद के पास गई। उन्होंने थाने को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये जिस पर पुलिस ने उसकी तहरीर बदल दी और उसे एक रसीद थमा दी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



# धूमधाम से निकाली साईं बाबा की पालकी यात्रा



**धामपुर (चिंगारी)।** साईं बाबा की पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली गई। पालकी यात्रा का नगर में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया। पालकी यात्रा नगीना मार्ग स्थित साईं मंदिर से आरंभ होकर नगीना चौराहा खारी कुंआ, भगत सिंह चौक, फल चौराहा, बड़ी मंडी, रेलवे स्टेशन रोड, सुभाष चौक होते हुए वापस साईं मंदिर पहुचंकर संपन्न हुई। पालकी यात्रा में सबसे आगे उत्साही युवक धर्म ध्वज लेकर तथा बैंडबाजे वाले धार्मिक धुन बजाते हुए चल रहे थे। बीच में पालकी को कंधे पर लेकर भक्तगण चल रहे थे। नगर का वातावरण साईं मय एवं धार्मिक हो गया। पालकी में सवार भक्तगण प्रसाद वितरित करते चल रहे थे। पालकी यात्रा में अभय गोयल, मीनाक्षी गोयल, संजीव अग्रवाल, प्रशांत त्यागी, डॉ. जितेंद्र कौशिक, निर्मला कौशिक, उपासना कौशिक, राखी कौशिक, सृष्टि अग्रवाल, दीपा सैनी, शशिबाला शर्मा, सुदेश शर्मा, शीतल देवी आदि शामिल रहे।

# मेडल जीतने पर विधायक तसलीम अहमद ने तरुण सहरावत को किया सम्मानित



**नांगल सोती (चिंगारी)।** 5 से 10 नवम्बर को चेन्नई में एशियाई देशों के मध्य आयोजित हुई 23वीं मास्टर एशियन चैम्पियनशिप में सेना से सेवानिवृत्त जवान तरुण सहरावत ने हर्डल रेस (बाधा दौड़) में सिल्वर मेडल प्राप्त करके नाम रोशन किया। 22 अगस्त, 2026 को वे दक्षिण कोरिया में आहूत वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिये जायेंगे। एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन बिजनौर की नजीबाबाद इकाई की उपस्थिति में सिल्वर मेडल विजेता ग्राम चमरौला निवासी तरुण सहरावत सुपुत्र स्व. विजय सिंह सहरावत को नजीबाबाद विधायक हाज़ी तसलीम अहमद ने माल्यार्पण करके, शॉल ओढ़ाकर और मिष्ठान भेंट करके सम्मानित किया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि भूतपूर्व सैनिक तरुण सहरावत को मिले इस सम्मान से जनपद बिजनौर के साथ-साथ भारत देश का गौरव भी बढ़ा है। इस अवसर पर एक्स सर्विसमैन वेलफेयर एसोसिएशन बिजनौर के जिलाध्यक्ष सुरेशचन्द्र, नजीबाबाद तहसील के संरक्षक विजय राणा, तहसील अध्यक्ष गोपाल शरण, कपिल देव, सुशील शुक्ला, शेषपाल राठी, डालचन्द पाल, राजीव राठी एवं बिजनौर स्टेडियम से आये कई खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# 36 वन आरक्षियों को दिलाई कर्तव्यनिष्ठा की शपथ


डायरेक्टर साकेत बडोला के साथ सम्मानित वन आरक्षी।

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** मंगलवार को कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़ में वन आरक्षी प्रशिक्षण वर्ष (द्वितीय सत्र) के प्रशिक्षणार्थी वन आरक्षियों का दीक्षांत समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे फील्ड डायरेक्टर कार्बेट टाइगर रिजर्व डॉ. साकेत बडोला को सर्वप्रथम खेल मैदान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद सभी 36 प्रशिक्षणार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात निदेशक डॉ. साकेत बडोला द्वारा वन आरक्षी प्रशिक्षण के परिणामों की घोषणा की गई। मेरिट सूची के आधार पर चयनित प्रशिक्षणार्थियों को पदक, ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये।

प्रशिक्षण में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान, जोशीमठ से आए कन्हैया कुमार ने प्रथम, कार्बेट टाइगर रिजर्व के सुधीर सिंह कुंवर ने द्वितीय एवं ललित मोहन चंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान जोशीमठ से आए आयुष राणा को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. साकेत बडोला ने सभी नवप्रशिक्षित वन आरक्षियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण भाव से वन संरक्षण के दायित्वों के निर्वहन का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक (वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र कालागढ़) अमित कुमार ग्वासीकोटी द्वारा कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों का धन्यवाद प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में वन अधिकारी, पुलिस प्रशासन, प्रशिक्षण केंद्र के संकाय सदस्य एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने को नगरपालिका ने लो.नि.वि. को लिखा पत्र

**नहटौर (चिंगारी)।** धामपुर रोड पर व्याप्त अतिक्रमण को हटाने के लिए पालिका प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने लोनिवि अधिकारियों से अतिक्रमण को चिन्हित करने की मांग की है।

नहटौर निवासी फैजान ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर धामपुर मार्ग पर अतिक्रमण होने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर एसडीएम ने पालिका प्रशासन को कार्रवाई के लिए आदेशित किया था। अधिशासी अधिकारी ओमगिरि ने बताया कि धामपुर रोड (पानीपत-खटीमा मार्ग) लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है। सड़क से निश्चित दूरी के बाद स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिए लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजा गया है। अतिक्रमण के चिन्हित होने के उपरांत हटाने और जुर्माना करने की कार्रवाई की जाएगी।

# अगर करते हैं कृष्ण भक्ति तो मिलती है बंधन से मुक्ति



**नहटौर (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम फुलसंदा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास दया देवकीनंदन आचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का सार परमात्मा (श्रीकृष्ण) की भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के माध्यम से जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त करना है। मंगलवार को फुलसंदा गंगादास में आयोजित कथा में दया देवकी नन्दन आचार्य कौस्तुभ आनन्द जोशी जी महाराज के पावन सान्निध्य में श्रद्धालुओं ने दिवंगत पितरों की मोक्ष कामना एवं जनमानस के कल्याण हेतु पवन कुमार द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह पितृमोक्ष यज्ञ ज्ञान यज्ञ में प्रतिभाग किया। कथा में मुख्य यजमान छत्रपाल सिंह व सुधा देवी रही। इस अवसर पर पवन कुमार, तोताराम, कंचन देवी, सुमन देवी, मोनू कुमार, कुलवीर सिंह, रीना सिंह, आदित्य सिंह, चित्रा देवी, शिवानी, दीपक, तनु, अवनीश, संजीव, राजीव, अरनब, अगम चौधरी आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण जारी


प्रतिभागियों को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेंद्र सिंह

**हल्दौर (चिंगारी)।** जिला ग्राम्य विकास संस्थान, हल्दौर पर आयोजित किए जा रहे नवनियुक्त अंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख चौ. विजेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी कुनाल रस्तोगी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार चौबे ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरी लगन तथा मेहनत से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कार्य कर जनसेवा करें। प्रशिक्षण शिविर में विकास खण्ड अफजलगढ़ और नहटौर में नवनियुक्त 43 अंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिभाग कर रही हैं। शिविर में जिला रिसोर्स पर्सन बबली, डीसी रविकांत तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी सतीश कुमार मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिभागी कर रहे हैं। इस अवसर पर गन्ना समिति संचालक परमेंद्र सिंह, भानुप्रताप सिंह व मनोज कुमार आदि भी उपस्थित रहे।

# मरीजों के जीवन में नया सवेरा लेकर आये डॉ. सुधांशु

## नई तकनीक से करते हैं गुदा रोगों का सफल उपचार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिना आप्रेशन, बिना चीड़-फाड़, बिना अस्पताल में भर्ती किये मात्र 10 दिनों में बवासीर, फिशर, भगन्दर आदि गुदा रोगों का स्थायी इलाज नयी तकनीक से करने वाले गुदा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधांशु चौधरी निराश गुदा रोगियों के लिये आशा व उत्साह का एक नया सवेरा बनकर आये हैं।

उपरोक्त कथन प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में बैराज रोड स्थित सुश्रुत कोलोरेक्टल सेन्टर व शुक्रवार को बास्टा (चांदपुर) स्थित श्री साईं हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों का है। प्रस्तुत है कुछ मरीजों का फीडबैक व अनुभव जो डॉ. सुधांशु के प्रति आपका विश्वास और मजबूत कर देता है।

अमरोहा निवासी तुशांत गिल गत दो वर्षों से फिशर गुदा रोग से पीड़ित थे। दो बार आप्रेशन कराने के बावजूद उन्हें आराम नहीं मिल रहा था। वे तीसरा आप्रेशन मुरादाबाद में कराने की सोच रहे थे कि किसी ने उन्हें डॉ. सुधांशु के बारे में बताया। बिजनौर में आकर इलाज कराने से अब बकौल तुशान्त अपने आप को पूर्णत: स्वस्थ महसूस कर रहे हैं।



नजीबाबाद निवासी मौ. अमीरुद्दीन भी कई वर्षों से भगन्दर से पीड़ित थे। जगह-जगह उपचार कराने के बावजूद उनको आराम नहीं मिल पा रहा था। डॉ. सुधांशु की नयी तकनीक से अब वह पूर्णत: रोग मुक्त हो गये हैं।

बिजनौर निवासी सलमान का कहना है कि वे 4 वर्षों से बवासीर से पीड़ित थे। काफी रक्त स्त्राव के चलते उनको ब्लड स्तर मात्र 4 रह गया था। डॉ. सुधांशु के प्रति आभार व्यक्त करते सलमान का कहना है कि उन्होंने मेरा पुर्नजन्म कराया है।

मोरना निवासी उमा के जीवन में भी डॉ. सुधांशु ने आशा व उत्साह का संचार किया। उमा का कहना है कि वे गत 6 वर्षों से पाइल्स से पीड़ित थीं। उन्होंने आयुर्वेदिक हौम्योपैथी सहित जिसने जो बताया, सबका सहारा लिया, लेकिन अंत में डॉ. सुधांशु से इलाज से ही सुखमयी जीवन प्राप्त हुआ।


खुर्जा से आये मौ. शमी भी गत 10 वर्षों से बवासीर से पीड़ित थे। बढ़ती तकलीफों से वह पूर्णत: निराश व अवसाद में चले गये थे, लेकिन अब उनका रोग पूर्णत: ठीक हो गया है और वे डॉक्टर सुधांशु को अल्लाह के द्वारा भेजा गया फरिश्ता बता रहे हैं।



बुलंदशहर निवासी मोहसिन व उनकी पत्नी दोनों ही बवासीर से पीड़ित थे। जगह-जगह भटकने के पश्चात अब दोनों पति-पत्नी डॉ. सुधांशु के इलाज से पूर्णत: संतुष्ट व प्रसन्नचित नजर आ रहे हैं। अपनी मां के साथ नजीबाबाद से आयी 35 वर्षीय शालू भी डॉ. सुधांशु के इलाज से पूर्णत: ठीक व स्वस्थ नजर आयीं। शालू की बिगड़ती तबीयत से उनके मां-बाप डॉक्टर साहब के सामने रोने लगे थे कि पता नहीं हमारी बेटी ठीक भी हो पायेगी या नहीं। डॉक्टर सुधांशु ने उन्हें दो माह का समय दिया, लेकिन मात्र डेढ़ माह में ही अब शालू पूर्णत: स्वस्थ है।

# हरिद्वार जमीन घोटाला — दो आईएएस के निलंबन पर दो जनवरी को होगा फैसला

**देहरादून ( चिंगारी )।** उतराखंड में इस साल जून में सामने आए हरिद्वार जमीन घोटाले में दो आईएएस के निलंबन पर दो जनवरी को फैसला होगा। वहीं, निलंबित पीसीएस की जांच रिपोर्ट आ गई है, जिस पर अब उनसे जवाब मांगा जाएगा। हरिद्वार नगर निगम के जमीन घोटाले में शासन ने दो आईएएस और एक पीसीएस को विभागीय चार्जशीट दी थी। इन सभी को इस घोटाले के आरोप में निलंबित किया गया था। हरिद्वार नगर निगम ने ग्राम सराय में कूड़े के ढेर के पास अनुपयुक्त 2.3070 हेक्टेयर भूमि को 54 करोड़ रुपये में खरीदने पर सवाल उठने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे।



सचिव रणवीर सिंह चौहान ने मामले की प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट 29 मई को शासन को सौंपी थी। इसके बाद तीन जून को हरिद्वार के तत्कालीन जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, नगर आयुक्त आईएएस वरुण चौधरी और एडीएम अजयवीर सिंह को निलंबित कर दिया था। दोनों आईएएस की जांच सचिव सचिन कुर्वे को दी गई थी, जबकि पीसीएस अफसर की जांच अपर सचिव आनंदस्वरूप को दी गई थी जो पूरी होने के बाद अब एडीएम अजयवीर से जवाब मांगा जाएगा। कार्मिक विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, दो जनवरी को बैठक होगी, जिसमें या तो नियमानुसार ये बहाल होंगे या फिर छह माह तक निलंबन अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। राज्य के पास आईएएस को अधिकतम 12 माह तक ही निलंबित रखने का अधिकार होता है। इसके बाद का फैसला केंद्र के स्तर से होता है।

# 'नो हेलमेट नो फ्यूल'

## तमाशा बनकर रह गया यह रूल

**नितिन दिनेश कौशिक**

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सन् 2025 में सड़क सुरक्षा के नाम पर सरकार द्वारा जारी किया गया नो हेलमेट, नो फ्यूल आदेश तमाशा बनकर रह गया। जिस फैसले का मकसद दोपहिया वाहन चालकों की जान बचाना था, उस फैसले की पेट्रोल पंप स्वामियों ने खुलेआम धज्जियां उड़ाईं और जिम्मेदार प्रशासन कुंभकर्णी नींद में डूबा रहा। सरकार ने स्पष्ट और दोटूक शब्दों में निर्देश दिये थे कि बिना हेलमेट किसी भी दोपहिया वाहन को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। यह आदेश किसी शौक के लिए नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में लगातार बढ़ रही मौतों पर अंकुश लगाने के लिए जारी किया गया था। लेकिन इस आदेश को इतनी बेशर्मी से कुचला गया कि कानून खुद शर्मसार होता नजर आया। जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश पेट्रोल पंपों पर नियमों का खुलेआम मजाक बनाया गया। पंप स्वामियों ने नियमों से बचने के लिए ऐसी घटिया और शर्मनाक चालाकियां अपनाईं, जो सरकार के आदेशों का सीधा अपमान है। कहीं पंप पर ही हेलमेट टांग दिए गए, कहीं बिना हेलमेट आए ग्राहकों को पेट्रोल भरते समय हेलमेट पहनाया गया और जैसे ही टंकी भरी, वैसे ही वह हेलमेट उतारकर वापस रखवा लिया गया। यह सब कुछ किसी फिल्मी दृश्य से कम नहीं था। फर्क सिर्फ इतना था कि यहां दांव पर आम आदमी की जान लगी थी।



सबसे हैरान करने वाली और चिंताजनक बात यह है कि यह पूरा खेल प्रशासन की आंखों के सामने चलता रहा। लेकिन न किसी अधिकारी की नींद टूटी, न किसी निरीक्षण की जहमत उठाई गई और न ही किसी पेट्रोल पंप के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। इससे यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या जिम्मेदार अधिकारियों ने जानबूझकर आंखें मूंद रखी थीं या फिर इस पूरे मामले में मिलीभगत की बदबू आ रही है? सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ बार-बार चेतावनी देते रहे हैं कि सड़क हादसों में सबसे ज्यादा मौतें सिर में गंभीर चोट लगने से होती हैं और हेलमेट ही वह सुरक्षा कवच है जो किसी की जिंदगी बचा सकता है। इसके बावजूद पेट्रोल पंप स्वामियों और लापरवाह अधिकारियों ने मिलकर हेलमेट नियम को कागजों तक सीमित कर दिया।

# सुप्रीम कोर्ट के लिए कई महत्वपूर्ण फैसलों का साल रहा 2025

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** उच्चतम न्यायालय के कुछ ऐतिहासिक फैसलों के साथ वर्ष 2025 का समापन हुआ। इनमें अरावली की परिभाषा तय करना और अधिकारियों को दिल्ली में बीएस-4 मानकों से नीचे के वाहनों को जब्त करने की छूट देना शामिल है। दूसरी ओर विधि मंत्रालय ने लगभग 50 पुराने कानूनों को इतिहास के पन्नों में समेट दिया, जिससे रोज़मर्रा का कानूनी प्रशासन और सरल तथा जन-केंद्रित हुआ। मंत्रालय ने वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्रों (एडीआर) को तेज़ करके लंबित मामलों को कम करने के भी सराहनीय प्रयास किये। मंत्रालय ने इस साल न्यायपालिका के प्रति उदार रुख अपनाते हुए खुद सरकार द्वारा दायर किये गये बड़ी संख्या में लंबित मामलों को वापस ले लिया। ज्ञात हो कि अदालतों में सरकार सबसे बड़ी वादी है। अरावली के मामले में, उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरणविदों की उस चिंता पर ध्यान दिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि सरकार ने चतुराई से नियमों में बदलाव किया है ताकि खनन कंपनियां इस पर्वत श्रृंखला में खनन कर सकें।



न्यायालय ने अपने पुराने आदेश को पलट दिया, जिसमें पिछली समिति की रिपोर्ट को स्वीकार किया गया था और इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों को वैसी पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता नहीं है जैसी उच्च पहाड़ियों को है। न्यायालय ने इस विषय पर विशेषज्ञों की अपनी एक नयी समिति बनाने का निर्देश दिया है।

प्रदूषण की मार झेल रहे दिल्लीवासियों की नाराजगी और बेबसी के बीच, चौतरफा आलोचनाओं का सामना कर रही दिल्ली सरकार ने उच्चतम न्यायालय से गुहार लगाई कि बीएस-4 से पुराने वाहनों पर की जाने वाली कार्रवाई पर लगी रोक हटायी जाए। न्यायालय ने इसकी अनुमति दे दी।

इसी तरह के एक मामले में, उच्चतम न्यायालय ने पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से परहेज किया, लेकिन दिवाली पर निर्धारित घंटों के दौरान प्रमाणित ग्रीन पटाखों के सीमित उपयोग की अनुमति दी।

कुख्यात निठारी कांड में एक और नया मोड़ आया जब उच्चतम न्यायालय ने मुख्य आरोपी सुरेंद्र कोली को हत्या और कथित तौर पर बच्चों का मांस खाने के आरोप के मामले में किसी विश्वसनीय साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। इससे पहले सह-आरोपी मोनिंदर पंढेर को भी बरी कर दिया गया था। आवारा कुत्तों के काटने और हमले के शिकार पीड़ितों के परिवारों और पशु प्रेमियों के बीच चल रही कानूनी जंग भी उच्चतम न्यायालय पहुंची। न्यायालय ने स्कूलों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले आवारा कुत्तों के हमलों पर चिंता जतायी। न्यायालय ने आवारा कुत्तों को शिविरों में स्थानांतरित करने के साथ-साथ उनके नसबंदी और टीकाकरण के निर्देश दिये।

# पारिवारिक कलह कर्ज व मानसिक तनाव ने ली जान, कई ने मौत को गले लगाया

**वेदव्रत 'वेणु'**

**बिजनौर (चिंगारी)। वर्ष 2025 में जनपद बिजनौर में आत्महत्या के कई मामले सामने आये हैं, जिनके पीछे मुख्य कारण पारिवारिक कलह, कर्ज और मानसिक तनाव रहा। प्रेम प्रसंग में जब सामाजिक दवाब व परिवार की नाराजगी बढ़ी तो कई प्रेमी युगलों ने आत्मघाती कदम उठा लिया। कई लोगों ने कर्ज का बोझ बढ़ने पर आत्महत्या कर ली। कई लोगों ने पारिवारिक कलह में अपनी जान दे दी।**

जून में थाना नूरपुर के ग्राम टंडेरा में कर्ज के बोझ तले दबे व्यक्ति ने पत्नी व दो पुत्रियों को सल्फाज दे दिया। पुखराज पर लाखों रूपए का कर्ज था। उसने पत्नी रमेशिया, 17 वर्ष की बेटी अनीता तथा छोटी बेटी शीलू को सल्फाज दे दिया। पत्नी व बड़ी बेटी ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया, जबकि छोटी बेटी की मेरठ में उपचार के दौरान मौत हो गई। 6 दिसम्बर को पत्नी के साथ विवाद होने पर हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर खुर्द में बाबूराम ने अपने पांच साल के बेटे व तीन साल की बेटी को बाल कटवाने के बहाने खेत पर ले जाकर ज़हर दे दिया। तीनों की मौत हो गई। तीन सितम्बर को नायब तहसीलदार राजकुमार ने पारिवारिक कलह में सरकारी आवास पर अपने लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार ली, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।





**फ्लैश बैक 2025**

स्योहारा क्षेत्र में एक महिला ग्राम प्रधान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण पति का किसी अन्य महिला से अफेयर बताया गया, जिसमें मानसिक रूप से परेशान महिला ग्राम प्रधान ने जीवन लीला समाप्त कर ली। जनवरी में गजरौला शिव निवासी विवाहिता ने गृह क्लेश में पहले तो अपनी बच्ची को जहरीला पदार्थ खिलाया, फिर फांसी के फंदे पर झूल गयी। मां-बेटी की मौत हो गई। अक्टूबर में शेरकोट थाना क्षेत्र के ग्राम वाजिदपुर निवासी 30 वर्षीय महिला आसिफा का शव कब्रिस्तान के पास सहतूत के पेड़ से लटका मिला था। एक दिन पहले उसका अपने पति से विवाद हुआ था। पत्नी वियोग में बीएसएफ के जवान राहुल ने 24 अगस्त को 18 माह के अपने बेटे के साथ गंगा में छलांग लगा दी थी, उसकी पत्नी पांच दिन पहले गंगा में कूद गई थी। घरेलू विवाद में मंडावर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहडिया में विधवा महिला 26 वर्षीय लक्ष्मी ने बेटे को ज़हर देकर खुद भी खा लिया था, जिसमें लक्ष्मी की मौत हो गई थी। शेरकोट के ग्राम वाजिदपुर में सास से विवाद होने पर पुत्रवधु ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। तीन नवम्बर को यूपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा ने गंगा बैराज में छलांग लगा दी थी। अक्टूबर 2025 में कांशीराम कालोनी निवासी 22 वर्षीय सुहेल ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली। अक्टूबर में किरतपुर क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर सुल्तान में दो बच्चों की मां व पड़ोसी युवक ने प्यार में गन्ने के खेत में ज़हर खाकर जान दे दी। 2 नवम्बर को दारानगर गंज रोड पर एक कृषि फार्म में 6 दिन से लापता प्रेमी-प्रेमिका एक ही फंदे पर लटके मिले थे। 30 नवम्बर को स्योहारा क्षेत्र में पीपला निवासी एक युवक ने नगीना के हुर्र नंगला निवासी युवती से फोन पर बात करते-करते ज़हर खा लिया। प्रेमिका की भी ज़हर खाने से मौत हो गई। प्यार में परिवार के शादी से इंकार करने या दूसरी जगह शादी तय हो जाने तथा सामाजिक दबाव बढ़ने से कई अन्य प्रेमी युगलों के आत्महत्या करने के मामले सामने आये हैं।

## गौकशी में संलिप्त टैम्पो चालक बिलाल गिरफ्तार



**नूरपुर (चिंगारी)।** पुलिस ने क्षेत्र के गांव जाफराबाद कुईं के जंगल में हुई गौकशी में संलिप्त टैम्पो वाहन चालक बिलाल पुत्र हकीमुद्दीन निवासी पीपला जागीर को टैम्पो समेत गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ में घायलावस्था में गिरफ्तार गौमांस तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वह गौकशी के बाद मांस को बिलाल के टैम्पू में भरकर दुकानों पर सप्लाई करते थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक श्रीकांत सत्यार्थी, पुलिसकर्मी अमित भाटी व विपुल मौजूद रहे।

## कालागढ़ बांध परिसर बन गया दारुबाजों का अड्डा

**अफजलगढ़ (चिंगारी)। कालागढ़ बांध परिसर जो कभी अनुशासन, जिम्मेदारी और जनहित का प्रतीक माना जाता था। आज कुछ विभागीय कर्मचारियों की मौज-मस्ती और लापरवाही का खुला अड्डा बनता जा रहा है। सरकारी कार्यस्थल की मर्यादा को तार-तार करते हुए यहां धड़ल्ले से मदिरापान किया जा रहा है। मानो यह कोई पिकनिक स्पॉट या निजी रिसॉर्ट हो।**



डैम परिसर में पड़ी शराब की खाली बोतलें।

जानकारी के अनुसार विभागीय कर्मचारी की ड्यूटी समय में ही शराब की बोतलें खुलती हैं, ठहाके गूंजते हैं और परिसर में असामाजिक माहौल बन जाता है। जिस कालागढ़ बांध की सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी जिन कर्मचारियों पर है, वही कर्मचारी उसकी गरिमा को पैरों तले रौंदते नज़र आ रहे हैं। सबसे गंभीर सवाल यह है कि उच्च अधिकारियों की नज़रों से यह सब कैसे ओझल है? क्या विभागीय नियंत्रण पूरी तरह फेल हो चुका है या फिर सब कुछ जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है? मदिरापान के चलते किसी भी समय कोई बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। जिसकी जिम्मेदारी तय करना फिर मुश्किल होगा। स्थानीय लोगों में इस स्थिति को लेकर भारी आक्रोश है। उन्होंने मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए। इस संबंध में सिंचाई विभाग कालागढ़ में तैनात एक्सईएन मेघ सिंह का कहना है कि यदि विभागीय कर्मचारियों द्वारा ऐसा किया जा रहा है तो यह बहुत निंदनीय कार्य है।

## सायमा गई थी बिजनौर घर में घुस गये चोर

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के मुहल्ला शाहचन्दन निवासी सायमा जहां शादी में शामिल होने के लिए बिजनौर गई हुई थी, इसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने मकान का ताला तोड़कर घर में चोरी कर ली। घर में चोरी होने की जानकारी मिलते ही वे चांदपुर पहुंची तो सामान बिखरा पड़ा हुआ था, जिसको देखकर उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। चोर सेफ में रखी 50 हजार रूपए की नकदी के अलावा तीन तोले की सोने की तीन चेन, एक तोला वजन की 4 अंगूठी, तीन तोले के 4 जोड़ी कान के बुन्दे, आधा तोले का ब्रेसलेट चोरी कर लिया। सेफ से बैंक की किताब व आधार कार्ड भी गायब है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार सख्त कदम उठाये सरकार



**चांदपुर (चिंगारी)।** विश्व हिंदू महासंघ की सनातन रक्षा वाहिनी ने बंगलादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार व उनकी निर्ममतापूर्वक की जा रही हत्या पर दु:ख जताया तथा प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन देकर बंगलादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की केन्द्र सरकार से मांग की गई। सनातन रक्षा वाहिनी के प्रदेश मंत्री पीयूष अरोड़ा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने तहसील पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिला अध्यक्ष अजय माहेश्वरी, तहसील महामंत्री कुलदीप शर्मा, तहसील मंत्री संदीप सैनी, सचिन पाठक, नगर महामंत्री आशीष आर्य, नितेंद्र वर्मा, तक्ष राजपूत, यश चंद्रा, रोहन आदि अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया को सम्मानित भी किया।

## रोजगार सेवक की नियुक्ति पर चला कानून का हंटर

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एक महिला रोजगार सेवक की नियम विरुद्ध नियुक्ति पर कानून का हंटर चल गया। ग्राम पंचायत द्वारा उसे पद से हटा दिया गया है। अफजलगढ़ ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चांदपुर-उदयपुर में वर्ष 2009 में ग्राम रोजगार सेवक के पद पर श्रीमती शैला अंजुम की नियुक्ति हुई थी। उस समय ग्राम पंचायत में बाबू अंसारी ग्राम प्रधान थे, जो रिश्ते में शैला अंजुम के ससुर लगते हैं। शासनादेश के मुताबिक इस पद पर मौजूदा ग्राम प्रधान के किसी संबंधी की नियुक्ति नहीं की जा सकती अर्थात उस समय शैला अंजुम की नियुक्ति नियम विरुद्ध हुई। शिकायत संबंधित उच्चाधिकारियों तक की गई। परिणामस्वरूप मुख्य विकास अधिकारी बिजनौर द्वारा इस बाबत आवश्यक कार्यवाही हेतु खंड विकास अधिकारी अफजलगढ़ को आदेशित किया गया। सीडीओ के आदेशानुसार बीडीओ अफजलगढ़ ने इस संबंध में जरूरी कार्यवाही हेतु ग्राम पंचायत चांदपुर-उदयपुर को निर्देशित किया। वर्तमान ग्राम प्रधान के मुताबिक ग्राम पंचायत चांदपुर-उदयपुर ने प्रस्ताव पास करते हुए श्रीमती शैला अंजुम को ग्राम रोजगार सेवक के पद से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम रोजगार सेवक की सेवा के संबंध में ग्राम पंचायत एक सक्षम प्राधिकारी है इस बाबत ग्राम पंचायत का निर्णय ही अंतिम होता है। उधर बताया जा रहा है कि शैला अंजुम ग्राम पंचायत के निर्णय के विरुद्ध कोर्ट की शरण में गई है।

### नियम विरुद्ध नियुक्ति के कारण पद से हटाया

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

## नववर्ष पर एशियन हॉस्पिटल फ्री मेडिकल कैंप का करेगा आयोजन

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** नववर्ष की पावन बेला पर बस स्टैंड रोड कासमपुर गढ़ी स्थित एशियन हॉस्पिटल में 1 जनवरी गुरुवार को प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक नि:शुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अस्पताल के डायरेक्टर फैज अकरम ने बताया कि इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में तमाम तरह की बीमारियों योग्य चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिए जाने के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर मरीजों को 2 दिन की दवाइयां भी मुफ्त दी जाएंगी और गर्भवती महिलाओं की नि:शुल्क जांच उपरांत उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा। फैज अकरम ने गांव व क्षेत्रवासियों से इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में आकर अपनी बीमारियों से संबंधित उचित परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# अटल स्मृति दिवस पर समारोह का आयोजन

## 'कांग्रेस एक-एक वोट को तरसेगी और भाजपा अपने बूते सरकार बनाएगी'

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** ब्लॉक के डबाकरा हाल में अटल स्मृति दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान, राष्ट्रीय परिषद सदस्य एवं पूर्व सांसद डॉ यशवंत, क्षेत्र मंत्री पश्चिम क्षेत्र अनुप वाल्मीकि, राष्ट्रीय परिषद महेंद्र धनौरिया पूर्व जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि अटल जी ने संसद में कहा था कि आज हमारे एक वोट से सरकार गिरी है और एक दिन वह आएगा, जब कांग्रेस एक वोट को तरसेगी और भारतीय जनता पार्टी अपने बलबूते पर सरकार बनाएगी।




क्षेत्र मंत्री अनु वाल्मीकि ने अपने वक्तव्य में कहा एसआईआर के कार्य को भारतीय जनता पार्टी के बीएलओ 2 भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी ने बड़ी मेहनत और लगन के साथ इस कार्य को किया है और अब भारतीय जनता पार्टी का कार्य करता है एवं पदाधिकारी 18 साल की उम्र पूर्ण होने के बाद नई वोटो को बनाने में एकजुट और ईमानदारी के साथ कार्य करने में लगेगा। इसी क्रम में पूर्व सांसद डॉक्टर यशवंत सिंह ने एसआईआर के संबंध में एवं श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई के संबंध में उदबोधन किया और आवाहन किया है कि हमें श्री श्रद्धा अटल बिहारी वाजपेई के पद चिन्ह पर चलना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने किया। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व विधायक सतीश गौतम मंडल अध्यक्ष सुभाष शर्मा, मंडल अध्यक्ष किरतपुर नगर गौरव पाराशर मंडल अध्यक्ष किरतपुर ग्रामीण जितेंद्र मलिक, मंडल महामंत्री सचिन शर्मा, मंडल महामंत्री देवेंद्र सिंह, मंडल महामंत्री मेघराज सिंह मंडल महामंत्री टीकम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विनीत चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष सतीश त्यागी, मंडल उपाध्यक्ष नरपल सैनी, मंडल मंत्री अरविंद चौधरी मंडल मंत्री चंद्रपाल सिंह मंडल मंत्री नेहा त्यागी पूर्व मंडल अध्यक्ष कुलदीप त्यागी पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश त्यागी, सुरेश भगत, सुधीर चौधरी, मास्टर जितेंद्र, मोहित त्यागी, नरेश चौधरी, कुलदीप प्रधान, सोनू सैनी, गौरव पाल, नरेंद्र त्यागी, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, गौतम प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख



**चंदक (चिंगारी)।** आज सुबह यहां चंदक में बुडगरा रोड निवासी देवप्रताप एडवोकेट के घर के एक कमरे में आग लग गई, जिससे सारा सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आग पर काबू पाया। सुबह करीब 9 बजे घर के देवप्रताप की पत्नी के ऊपर वाले कमरे से धुंआ निकलने पर आग का पता चला। फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे चंदक पुलिस चौकी के सिपाहियों ने फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। आग से बेड, सामान,कपड़े, ड्रेसिंग टेबल, अलमारी, खिड़की, पंखा आदि जलकर राख हो गए। आग से लाखों रुपये के सामान की क्षति हुई। परिजनों के अनुसार सब नीचे रहते हैं। ऊपर का कमरा बंद था। उसकी चाबी भी देवप्रताप की पत्नी के पास थी। बताया जाता है कि देवप्रताप और उनकी पत्नी किरन के बीच घरेलू विवाद चल रहा है, जिसके चलते किरन अपने एक पुत्र के साथ लगभग एक वर्ष से कस्बे में ही अलग किराए पर रहती है। सूचना मिलने पर किरन भी मौके पर पहुंची। दोनों में आरोप प्रत्यारोप हुए। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग सका।

# बार कौंसिल के चेयरमैन का चांदपुर में भव्य स्वागत



**चांदपुर (चिंगारी)।** बार कोंसिल के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ का तहसील पहुंचने पर अधिवक्ताओं द्वारा फूल मालायें पहनाकर स्वागत किया गया।

बार हाल में आयोजित कार्यक्रम में बार कोंसिल के चैयरमेन शिव किशोर गौड़ ने कहा कि उन्होंने सदैव अधिवक्ताओं के लिए कार्य किया है, आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर सीनियर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप कुमार चौहान एडवोकेट, महासचिव मनोज कुमार, नीरज तिवारी एडवोकेट, अजय शर्मा, अर्चना शर्मा, कुलदीप सिंह, राजीव गर्ग, संजीव गर्ग, इंतजार जैदी, नईम हैदर जैदी, नवाब अहमद, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह पंकज ने किया।

# रिफ़्त सरोश के जन्मदिन पर नगीना में होगा मुशायरा

**नगीना (चिंगारी)।** उर्दू के मशहूर शायर रिफत सरोश के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक जनवरी 2026 को एक शाम रिफत सरोश के नाम से आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मुशायरे व अदबी प्रोग्राम में मशहूर शायर तहजीब अबरार को रिफत सरोश अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। गुलिस्तान-ए- शाहिद पर कौमी इत्तेहाद ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। यह जानकारी शायर हकीम बहार शम्सी ने देते हुये बताया कि नगीना के लाल रिफत सरोश ने अपनी सखसियतों से दुनियाभर में नगीना का नाम रोशन किया है।



रिफत सरोश

# डा. पुरुषोत्तम अध्यक्ष व रविंद्र कुमार विंदा चुने गये महामंत्री



**हल्दौर (चिंगारी)।** श्री राधा गोविंद संस्था हल्दौर की वर्ष 2026 के लिए सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। डॉ. पुरुषोत्तम को अध्यक्ष व रविंद्र कुमार विंदा महामंत्री चुना गया। स्थानीय मौहल्ला खेड़ा में पंडित दिनेश कुमार शर्मा के आवास पर आयोजित संस्था की बैठक में गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में नववर्ष के लिए नई कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। संस्थापक लाला योगेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष डा. पुरुषोत्तम, उपाध्यक्ष मनोज कुमार, महामंत्री रविन्द्र कुमार विन्दा, उप महामन्त्री अशोक चौहान, कोषाध्यक्ष महीपाल भण्डारी, विरेश कुमार वीरु, संचालक सुरेश देवल, सलाहकार व सदस्य दिनेश शर्मा, धीरज कुमार, रोहित सैनी, प्रमोद कुमार चौहान, नीरज शर्मा को बनाया गया।

चिंगारी ख़बर सबसे पहले असर सबसे ज़्यादा

# आपसी रंजिश में हुये हमले की घटना को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास

**नूरपुर (चिंगारी)।** दो समुदायों के युवकों में आपसी रंजिश के चलते हुई मारपीट की घटना में एक सिक्ख युवक की आंख फूट जाने के मामले में राजनीति गरमाती जा रही है।पुलिस इस मामले में एक सपा नेता के पुत्र सहित सभी आरोपियों को जेल भेज चुकी है, फिर भी मामले को औरंगजेब से जोड़कर साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। उधर, पुलिस ने शहर के भाईचारे को बिगाड़ने वाले शातिर दिमाग व्यक्तियों को चिन्हित करना शुरू कर दिया है। मामले की गूंज पंजाब, दिल्ली, लखनऊ तक जा पहुंची है। नये साल में यह मुद्दा और अधिक गरमा सकता है।

विगत 23 दिसंबर को फतिहाबाद रोड पर दो अलग अलग समुदायों के युवकों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद में मुन्ना ने अपने तीन अन्य साथियों मोहल्ला इस्लामनगर निवासी अमन व रविदासनगर निवासी साहिल व एक बाल अपचारी के साथ मिलकर रमनदीप व उसके दो साथियों इसम सिंह व गुरप्रीत के साथ मारपीट करते हुए गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। रमनदीप का एम्स में उपचार चल रहा है। परिजनों के अनुसार इस घटना में उसकी एक आंख फूट गई, नाक की हड्डी टूट गई तथा हाथ व पैर में फ्रेक्चर है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार्यवाही करते हुए सपा नगर अध्यक्ष जुल्फकार कुरैसी के पुत्र मुन्ना व उसके तीन साथियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया था। घटना को लेकर सिक्ख युवकों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस सभी आरोपियों को जेल भेज चुकी है। घटना को लेकर सिक्ख युवक शनिवार को केंडल मार्च निकालने की तैयारी में थे जिसको पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करने का आश्वासन देकर स्थगित करवा दिया था।

> **घटना के संबंध में सी ओ देश दीपक सिंह का कहना है कि घटना से संबंधित सभी आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। घटना रंजिशन है। घटना की आड़ में नगर का माहौल खराब नहीं होने दिया जायेगा। शरारती तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है।**

दरअसल, इस विवाद का संबंध 1दिसंबर को मुन्ना कुरैशी के साथ सिक्ख युवकों द्वारा की गई मारपीट की घटना से है, जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षो के समझौते को मानकर कोई कार्यवाही नहीं की थी। 23दिसंबर की घटना में रमनदीप सिंह पर हमला हो गया। घटना की सब निंदा कर रहे है। लेकिन इस घटना को औरंगजेब बनाम गुरु गोबिंद सिंह से जोड़कर इसे साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की धमक पंजाब व दिल्ली के प्रमुख सिक्ख संगठनों तक पहुंच चुकी है। सोशल मीडिया पर माहौल को गरमाया जा रहा है। आज इस मामले को लेकर नूरपुर गुरुद्वारा परिसर में सांय 3बजे सिक्ख संगत की एक मीटिंग बुलाई गई है। सिक्ख युवाओं की मांग है कि रमनदीप सिंह को सरकार की ओर से आर्थिक मदद दी जाये, आरोपियों को गुंडा एक्ट में निरुद्ध किया जाये। आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी करने वाले पुलिस प्रशासन के विरुद्ध कार्यवाही की जाये।

# ब्लॉक प्रमुख ने निर्धन व्यक्तियों को कंबलों का वितरण कराया

## अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन



नजीबाबाद (चिंगारी)। पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के अन्तर्गत मंगलवार को ब्लॉक परिसर में स्थित भारत रत्न स्व. चौधरी चरण सिंह सभागार में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल के संयोजन में विधानसभा क्षेत्र स्तरीय अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने महापुरुषों के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के अटल स्मृति सम्मेलन में मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल ने कहा कि हमें पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के पदचिन्हों का अनुसरण करते हुए सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन का निर्वहन करना चाहिये। आज राजनीतिक व्यक्तियों के लिये आम जनता के विश्वास में कमी आई है। जनता राजनीतिक लोगों पर आसानी से विश्वास नहीं कर पाती है। यदि हम अटल बिहारी वाजपेयी की नीतियों का अनुसरण करते हुए जनता के बीच जायेंगे, तो लोगों को हम पर विश्वास होगा। विशिष्ट अतिथि भारतेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एसआईआर पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि कोई भी वोट बनने से छूट न जाये। आगामी चुनाव में नजीबाबाद सीट को हर हाल में जीतना है। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी ने भी एसआईआर पर विशेष ध्यान देने की अपील की। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने समस्त कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि अटल जी की नीतियों पर काम करें। इससे हमें भी लाभ होगा व राजनीति की शुचिता भी कायम रहेगी। राजनीतिक विसंगतियां अटल नीतियों से ही दूर होंगी। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख द्वारा कुछ निर्धन व्यक्तियों को कंबलों का वितरण भी कराया गया। सम्मेलने में पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, चारों मंडल अध्यक्ष भूपेन्द्र राजपूत, कमल सैनी, नकुल कुमार व वरुण आत्रे, जिला मंत्री राजन टंडन गोल्डी, बलराज त्यागी, तरुण राजपूत, सचिन देशवाल, अनुज कुमार, ब्रजराज सिंह देशवाल, वींरेन्द्र शर्मा उपस्थित रहे।



## कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के सामने रखी जनपद की समस्याएं

नजीबाबाद (चिंगारी)। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से जनपद बिजनौर के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात कर उनके सामने जनपद की समस्याएं रखी। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के सुप्रीमो व उत्तर प्रदेश सरकार में पंचायती राज अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज बोर्ड के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से बिजनौर जनपद के प्रभारी रणवीर सिंह निराला के नेतृत्व में बिजनौर जनपद के एक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर जनपद बिजनौर की तमाम जनहित की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही पार्टी के विस्तार हेतु महत्वपूर्ण चर्चा कर आगामी 2026 फरवरी में जनपद बिजनौर में होने वाली जनसभा के संबंध में भी वार्ता की। इस मौके पर सुभासपा नेता रणवीर सिंह निराला, जिला अध्यक्ष अशोक राठौड़, प्रदेश सचिव विवेक नायक, अरुण चैधरी, धर्मेंद्र चैधरी सहित पार्टी के काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अपना दल एस धर्म की नहीं न्याय की राजनीति करती है: शैलेंद्र



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी।

नजीबाबाद (चिंगारी)। कल्हेड़ी में अपना दल (एस) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें न्याय की राजनीति व सामाजिक समरसता पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी एडवोकेट उपस्थित रहे। बैठक के संयोजक मोहम्मद आसिफ, रईस, दिलशाद, बाबर, आरिफ, आकिल, नौशाद एवं इसरार रहे, जिन्होंने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए शैलेन्द्र चौधरी एडवोकेट ने कहा कि अपना दल (एस) हिंदू-मुस्लिम धर्म की राजनीति नहीं करता, बल्कि न्याय की राजनीति करता है। उनकी पार्टी में सभी वर्गों का सम्मान है, वह समाज को जोड़ने का काम करते हैं। बैठक में रमेश चैधरी, सद्दाम मलिक, राजीव राठी, अंश चैधरी, अनुराधा, उपसना, करमजीत कौर, शगुफ्ता, टीकम सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## नजीबाबाद में सर्दी का सितम जारी, गरीबों को पड़ रहा भारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में सर्दी का सितम जारी है। उत्तराखंड की पहाड़ियों के पास फंसा यह शहर बुरी तरह शीतलहर की चपेट में है। दिन भर कड़ाके की ठंड ने लोगों का जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। कड़ाके की सर्दी के चलते लोग ठिठुरने को मजबूर हो रहे हैं। लोग आग का सहारा लेकर दिन गुजार रहे हैं, ठंडी हवाओं व सर्द मौसम ने आम जनजीवन की दिनचर्या पर भी असर डाला है। सर्दी के कारण सुबह व रात के समय सड़कों पर सन्नाटा पसर रहा है। जबकि आवश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दे रहे है। ठंड का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, छोटे बच्चों व बीमार लोगों पर पड़ रहा है। सर्दी से बचने के लिए ज्यादातर लोग घरों व सार्वजनिक स्थानों पर अलाव व हीटर का सहारा लेते नजर आ रहे है।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर
ई–निविदा सूचना

पत्रांक : 7437/ई0 निविदा–रा0वृ0/25–26 दिनांक :– 19.12.2025

1:– महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0 रामपुर द्वारा प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से आथराइज्ड सेतु श्रेणी में रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 09.01.2026 प्रातः 10.00 बजे से 15.01.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 15.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री–क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

2:–कार्यों का विवरण निम्नवत् है:–

| क्र सं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख) (Excluding GST) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बिजनौर | जनपद बिजनौर में वजीरपुर से बेरखेड़ा टाण्डा मार्ग पर सेतु, पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य। | 163.00 | 10.15 | 12 माह | 2354.00 | श्रेणी 'ए एवं बी' (सेतु कार्य) |
| 2 | | जनपद बिजनौर में अफजलगढ़ कालागढ़ के किमी0 2 से अमला नदी पर पूर्व निर्मित संकरे पुल के स्थान पर 45 मी0 स्पान के लघु सेतु का निर्माण कार्य। | 270.00 | 15.50 | | | श्रेणी 'ए' (सेतु कार्य) |

- ➢ निविदा में प्रकाशित कार्य के लिए डिफेक्ट लाईबिलिटी समय अवधि कार्य पूर्ण करने की वास्तविक तिथि से 02 वर्ष बाद तक होगी।
- ➢ बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें सभी करो को जोड़ते हुये तथा जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- ➢ धरोहर धनराशि एवं निविदा शुल्क टेबिल के कॉलम 5 व 7 के अनुसार ऑन लाईन बैंकिंग द्वारा जमा करनी होगी।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या 14/2020/879/तेईस–7–2020–176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 25.08.2020, शासनादेश संख्या 879(1)/तेईस–7–2020–176(सा0)/06 लोक निर्माण अनुभाग–7 दिनांक 25.08.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष के पत्रांक 417/13रो0ए0मै0खं0/20 दिनांक 28.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http//wms.uppwd.gov.in/prahari पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होंगे।

R.O.No. 243261 Date: 29-12-2025
UPID.www.upgov.nic.in

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0–2, लो0नि0वि0, बिजनौर
मुख्यालय–नजीबाबाद
Email – eepwdnjb@gmail.com

अधीक्षण अभियन्ता,
रामपुर वृत्त, लो0नि0वि0, रामपुर।
Ph. 0595 – 2351163
Email – pwdrampur@gmail.com

# अंकिता भण्डारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर इंकाइयों ने निकाला कैण्डल मार्च

**कोटद्वार ( चिंगारी )। पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार देर शाम को झंडा चौक तक कैंडल मार्च निकाला और हत्याकांड के दोषियों को कठोर सजा दिलाने की मांग की।**

इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मीना बछवाण ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस मामले में अभी तक वीआईपी का नाम उजागर न होना साफ दर्शाता है कि सत्ता के संरक्षण में अपराधियों को बचाया जा रहा है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी ने कहा कि आज देश और प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अधिकांश अपराधों में भाजपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा आखिर इस मुद्दे पर चुप क्यों है। महिला जिला अध्यक्ष रश्मि




पटवाल ने कहा कि यह अब पूरी तरह स्पष्ट हो चुका है कि किसके इशारे पर सबूत नष्ट किये गये। उन्होंने इसे जनता के साथ धोखा बताते हुए कहा कि अगर समय रहते न्याय नहीं मिला तो जनता सड़कों पर उतरकर जवाब देगी। चेतावनी दी कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिल जाती, आंदोलन जारी रहेगा। कैंडल मार्च में प्रवीन रावत, विनीता भारती,जानकी बुड़ाकोटी, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुधा असवाल, सुनीता बिष्ट, पूर्व राज्य मंत्री विजय नारायण, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ चंद्र मोहन खर्कवाल और प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया नीरज बहुगुणा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## उत्तराखण्ड क्रान्ति दल ने किया प्रदेश सरकार का पुतला दहन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल महानगर इकाई ने अभी तक अंकिता भंडारी के परिजनों को न्याय न मिलने और मामले में वीआईपी का नाम उजागर न करने पर रोष व्यक्त करते हुए मंगलवार को पार्टी कार्यालय शिब्बू नगर से तड़ियाल चौक तक दल संरक्षक डॉ. शक्तिशैल कपरवाण के नेतृत्व में जुलूस निकाला और प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर वक्ताओं कहा कि अंकिता के हत्यारों को कठोर सजा दी जानी चाहिए। अब तक मामले में वीआईपी का नाम उजागर न होना मामले में सरकार की संलिप्तता दर्शाता है। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग सोशल मीडिया पर अंकिता को आधार बनाकर उत्तराखंड की महिलाओं और संस्कृति का अपमान कर रहे हैं,इनकी भी सीबीआई से जांच कराते हुए कठोर सजा दी जानी चाहिए। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन करने वालों में महेंद्र सिंह रावत, पितृशरण जोशी, जगदीपक सिंह रावत, सत्य प्रकाश भारद्वाज, सत्यपाल सिंह नेगी, प्रवेश चंद्र नवानी, हरीश द्विवेदी, भारत मोहन काला, पुष्कर सिंह रावत, पंकज उनियाल, अनूप कण्डारी, नरेंद्र नेगी आदि शामिल रहे।

## बच्चे के गले में फंसी पिन को जटिल प्रक्रिया द्वारा एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने निकाला

### टॉफी की जगह पिन निगल गया था बिजनौर निवासी बच्चा

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** खेल-खेल में एक बच्चा टॉफी की जगह एक पिन निगल गया। परेशानी बढ़ी तो सांस अटकने की समस्या के कारण उसकी जान सांसत में फंस गयी। बाद में परिजन उसे लेकर एम्स ऋषिकेश पहुंचे। जंहा विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रिजिड ब्रोंकोस्कॉपी के माध्यम से श्वास नली में फंसी पिन निकालकर बच्चे की जान बचाने में सफलता हासिल की।

एम्स की पीडियाट्रिक इमरजेंसी में हाल ही में एक बच्चा गले में तेज दर्द होने और सांस लेने में परेशानी की शिकायत पर लाया गया था। बिजनौर के रहने वाले इस बच्चे के परिजनों ने बताया कि बच्चे के एक हाथ में टॉफी और दूसरे हाथ में एक पिन थी। खेल-खेल में उसने गलती से टॉफी की जगह पिन निगल ली। इससे उसके गले में तेज दर्द होने के साथ ही खांसी के साथ उसे सांस लेने में भारी दिक्कत होने लगी। जांचोंपरान्त पता चला कि उसके दाहिने ब्रॉन्कस (श्वास नली) में नोटिस बोर्ड में उपयोग की जाने वाली एक पिन फंसी है और इससे उसकी सांस की नली अवरूद्ध हो गयी है। बच्चे का जीवन खतरे में देखते हुए डॉक्टरों द्वारा तत्काल ब्रोंकोस्कॉपी की आवश्यकता जतायी गयी। इसके लिए संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों के चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम गठित की गयी।

डॉ. मयंक मिश्रा, डॉ. बी सत्या श्री, डॉ. लोकेश अरोड़ा और डॉ. अजय कुमार के साथ मिलकर मल्टी डिसिप्लिनरी प्लानिंग तैयार की गयी। डॉक्टर मयंक ने बताया कि रिजिड स्कोप के अंदर से फ्लेक्सिबल ब्रोंकोस्कोप और फोरसेप्स का इस्तेमाल करके पिन को बड़ी सावधानी पूर्वक निकाल लिया गया। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी सत्या श्री ने बताया कि बच्चे को 2 दिन तक ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने प्रोसीजर करने वाली चिकित्सकों की टीम के कार्यों की प्रशंसा की है।

## एंजेल चकमा की हत्या के मामले में नस्लवाद का पुतला फूंका

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शैलशिल्पी विकास संगठन ने देहरादून के सेलाकुई में मामूली बात पर अपनी जान गंवाने वाले त्रिपुरा निवासी 24 वर्षीय छात्र एंजेल चकमा की हत्या में नस्लवाद का आरोप लगाते हुए मंगलवार को झंडाचौक में प्रदर्शन किया और नस्लवाद का पुतला दहन किया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि प्रदेश की राजधानी देहरादून में पढ़ने वाले त्रिपुरा निवासी 24 वर्षीय छात्र एंजल चकमा की हत्या नस्लीय असमानता के कारण हुई है, जबकि हमारे देश का महान संविधान धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, भाषा,जन्मस्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध करता है। कहा कि यह घटना पूरे प्रदेश को शर्मसार करने वाली एवं देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर भी हमला है। ऐसे कृत्य करने वालों को कठोर सजा दी जानी चाहिए। मौके पर दिवंगत एंजेल चकमा की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। पुतला दहन करने वालों में डॉक्टर विक्रम चंद शाह, प्रमोद चौधरी, राजेंद्र सिंह नेगी, एडवोकेट अरविंद वर्मा, सेवानिवृत रेंजर केशीराम निराला, सेवानिवृत प्रधानाचार्य मनवर लाल भारती, सेवानिवृत डीएफओ धीरजधर बछवाण, मनोज सिंह, अनिल कुमार, सुधांशु थपलियाल, आशाराम, अनुज चौधरी आदि शामिल रहे।

## निर्मल आश्रम अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** माया कुंड स्थित निर्मल आश्रम अस्पताल में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार करते हुए उन्नत तकनीक वाली आत्याधुनिक ब्रोंकोस्कोपी मशीन का लोकार्पण निर्मल आश्रम के महंत बाबा राम सिंह जी महाराज ने किया। ऋषिकेश में एम्स के बाद यह सुविधा केवल निर्मल आश्रम अस्पताल में ही उपलब्ध होगी। महाराज ने कहा कि किसी भी अस्वस्थ को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना मानव सेवा का अभिन्न अंग है और ऐसा करने से इंसान को आत्मिक शान्ति प्राप्त होती है। संत जोध सिंह जी महाराज ने चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निर्मल आश्रम की ओर से चल रहे जन कल्याणकारी कार्यों को जारी रखने का आश्वासन दिया। अस्पताल, चिकित्सा निदेशक डॉ. अजय शर्मा ने कहा कि ब्रोंकोस्कोपी श्वास रोगियों की एक सुरक्षित और आधुनिक जांच है यह जांच बाजार से रियायती दरों पर अनुभवी श्वास रोग विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। श्वास रोग विशेषज्ञ डा. अखलेश ने जांच का विवरण दिया। इस मौके पर अस्पतल चिकित्सा निदेशक डॉ. अजय शर्मा, डॉ. मो. शोएब, डॉ. अखलेश, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. जगमोहन सिंह राणा, डॉ. अश्वनी कंडारी, डॉ, हेमंत कपरूवान, करमजीत सिंह, प्रदीप बक्शी आदि उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय जूनियर बाक्सिंग प्रतियोगिता का समापन

### बालक वर्ग में पौड़ी, बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ टीम बनी चैम्पियन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड बाक्सिंग एसोसिएशन की ओर से कोटद्वार में आयोजित आठवीं राज्य स्तरीय जूनियर बाक्सिंग प्रतियोगिता का सोमवार शाम को समापन हो गया है। बालक वर्ग में पौड़ी एवं बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ हॉस्टल की टीमों ने चैंपियनशिप अपने नाम की। विजेताओं को मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने पुरस्कृत किया। अंतिम दिवस पर आयोजित मुकाबलों के बालिका वर्ग में पिथौरागढ़ की माया राय, गोदावरी, दिया कठैत, रिया जोशी और रिया तोलिया अपने-अपने भार वर्ग में राज्य चैंपियन बनीं। पिथौरागढ़ हॉस्टल ने ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि नैनीताल और चंपावत क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। वहीं बालक वर्ग में पौड़ी के धर्मेंद्र, विशाल, अंशवीर, अभिषेक, लक्की और प्रत्यूष ने गोल्ड मेडल जीतकर पौड़ी को चैंपियन बनाया। साईं काशीपुर की टीम दूसरे और स्पोर्ट्स कॉलेज पिथौरागढ़ तीसरे स्थान पर रही। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश को प्रतिभाशाली बाक्सर मिलेंगे जो भविष्य में ओलंपिक में तिरंगा फहराकर देश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर रावत, स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक डीसी भट्ट, अंतरराष्ट्रीय रेफरी देवेंद्र सिंह जीना व जोगेंद्र सिंह बोरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मुद्दों को जनांदोलन बनाने में फेल रही समाजवादी पार्टी

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** वर्ष 2025 में समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए न तो सफलता का वर्ष रहा और न ही असफलता का। यह साल पार्टी के लिए आत्मविश्लेषण, संगठनात्मक पुनर्गठन और 2027 की रणनीतिक तैयारी का कालखंड बनकर सामने आया। सत्ता से बाहर रहते हुए सपा ने जहां एक ओर भाजपा सरकार पर आक्रामक विपक्ष की भूमिका निभाई, वहीं दूसरी ओर अपनी आंतरिक कमजोरियों और सामाजिक आधार को लेकर भी मंथन किया। 2025 में समाजवादी पार्टी ने प्रदेश की भाजपा सरकार को बेरोजगारी, महंगाई, किसान संकट, कानून-व्यवस्था, निजीकरण और आरक्षण जैसे मुद्दों पर लगातार घेरा। विधानसभा के भीतर और बाहर पार्टी नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि विकास के दावे कागज़ों तक सीमित हैं, जबकि जमीनी हकीकत में आम जनता परेशान है। खासतौर पर किसान भुगतान, फसल खरीद, स्वास्थ्य सेवाओं में अव्यवस्था और शिक्षा में निजीकरण को सपा ने प्रमुख राजनीतिक हथियार बनाया। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सपा के मुद्दे प्रासंगिक थे, लेकिन उन्हें जनांदोलन का व्यापक रूप देने में पार्टी पूरी तरह सफल नहीं हो सकी। जैसे एसआईआर, खाद, जैसे मुद्दों पर सिर्फ बयानबाजी तक पार्टी सीमित रही। सड़क पर उतरकर पार्टी ने कोई संघर्ष नही किया। बिहार चुनाव में प्रचार के बावजूद आरजेडी के पक्ष में प्रचार के बावजूद पार्टी कोई छाप नहीं छोड़ सकी। 2025 में अखिलेश यादव सपा की राजनीति के केंद्र में रहे। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखे हमलों के साथ-साथ संगठन को सक्रिय बनाए रखने के लिए लगातार बैठकें, दौरे और संवाद कार्यक्रम किए।



**तुरन्त आवश्यकता**

चौधरी यामाहा की वर्कशॉप में एक कुशल व अनुभवी मैकेनिक की। कम से कम एक साल के अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन, योग्यता व अनुभवानुसार। सम्पर्क करें-
सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, बिजनौर मो. 9927004784

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

# तीन जनवरी है असली नया साल ?




**मेरठ (एजेंसी/चिंगारी)।** वर्ष 2026 के इस्तकबाल के लिये पूरी दुनिया में गर्मजोशी सातवें आसमान पर है, मगर गणितज्ञों की मानें तो ब्रह्मांडीय नियमों के अनुसार तीन जनवरी को साल का पहला दिन होगा। ब्रह्मांडीय घड़ी और मानव-निर्मित कैलेंडर के बीच के इसी गणित में उलझकर दुनिया भर में अंततः मनुष्य द्वारा बनाए गए कैलेंडर को प्राथमिकता दे दी गई और एक जनवरी को नए साल का पहला दिन घोषित कर दिया गया, जबकि सूर्य के समीपक बिंदु (पेरिहेलियन) पर पहुंचने के कारण वास्तविक नया साल इस वर्ष तीन जनवरी को पड़ रहा है। इस दिन पृथ्वी सूर्य से 147,103,637 किलोमीटर की दूरी पर होगी, जो उसकी पूरी परिक्रमा के दौरान सबसे कम दूरी है और इसकी अधिकतम दूरी से करीब 50 लाख किलोमीटर कम है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रति कुलपति एवं गणित विभाग में वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. मृदुल गुप्ता ने कहा- क्या हो अगर साल वास्तव में तब शुरू ही नहीं होता, जब हम उसे शुरू मानते हैं। क्या हो अगर, चुपचाप और बिना किसी धूमधाम के, असली नया साल उस समय आ जाए जब हम सेकंड गिनने, ग्लास टकराने और कैलेंडर के पन्ने पलटने में व्यस्त हों। डा. गुप्ता ने बताया कि हर साल पृथ्वी सूरज के चारों ओर अपनी यात्रा में एक सूक्ष्म लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुँचती है, जब वह अपनी कक्षा में उस तारे के सबसे करीब होती है जो जीवन को संभव बनाता है। इस पल को न तो कोई आतिशबाज़ी चिह्नित करती है और न ही कोई सोशल मीडिया काउंटडाउन इसकी घोषणा करता है। फिर भी, ब्रह्मांडीय दृष्टि से यह क्षण बेहद मायने रखता है, क्योंकि इसी बिंदु पर पृथ्वी एक चक्कर पूरा कर अगले की शुरुआत करती है।

## वर्षों तक कोमा में रहने के बाद पूर्व क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन

**कोलंबो (एजेंसी/चिंगारी)।** दुर्घटना के बाद कई वर्षों तक कोमा में रहने के बाद मंगलवार को श्रीलंका के पूर्व अंडर-19 क्रिकेटर अक्षु फर्नांडो का निधन हो गया। समुद्री तट पर अभ्यास के बाद फर्नांडो 28 दिसंबर 2018 को दक्षिणी कोलंबो के माउंड लाविनिया में रेलवे ट्रैक को पार करते समय एक ट्रेन की चपेट आकर गंभीर रूप से घायल होने के बाद वह अधिकांश समय लाइफ सपोर्ट पर ही रहे। 27 वर्षीय दाएं हाथ के प्रतिभाशाली बल्लेबाज फर्नांडो जब ट्रेन से दुर्घटनाग्रस्त हुए थे उस समय उनके करियर ने अपनी उड़ान ही भरी थी। दुर्घटना से कुछ सप्ताह पहले ही उन्होंने रगामा क्रिकेट क्लब के लिए प्रथम श्रेणी में अपना पहला शतक बनाया था। उस समय वह अपनी ऑफ स्पिन पर भी काम कर रहे थे। सीनियर लेवल पर उन्होंने सात बार 50 से अधिक के स्कोर बनाए थे। नौ वर्ष के घरेलू क्रिकेट करियर में उन्होंने कोल्ट्स क्रिकेट क्लब, पनादुरा स्पोर्ट्स क्लब और चिलाव मारियंस स्पोर्ट्स क्लब जैसे क्लब के लिए खेला था। अंतरराष्ट्रीय कॉमेंटेटर और रगामा क्रिकेट क्लब के वरिष्ठतम प्रशासकों में से एक रोशन अबेसिंघे ने फर्नांडो को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, वह वास्तव में एक प्रतिभाशाली युवा था उनका उम्दा करियर दुर्घटना शिकार हो गया।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

ATHER स्कूटर पर 20,000/- तक का ऑफर केवल 31 दिसम्बर 2025 तक

ATHER ELECTRIC DECEMBER

You can wait or YOU CAN SAVE ₹ 20 000*

₹10 000 On Credit Card

₹10 000 Cash benefits



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female

मैकेनिक Male

E&periance Minimum 1 Years

(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911